# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शुक्रवार 1 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-242 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### स्पष्ट बहुमत के साथ बनेगी भाजपा की सरकार : चंदेल

**रायपुर,1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के एग्जिट पोल आने के बाद प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. एग्जिट पोल को लेकर कांग्रेस अपनी सरकार बनाने का दावा कर रही है तो वहीं भाजपा भी अपनी सरकार बनाने का दावा कर रही है. हालांकि 3 दिसंबर को चुनाव के परिणाम आएंगे, जिसमें पता चलेगा की किसकी सरकार आ रही है. वहीं एग्जिट पोल पर भाजपा की ओर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अपने बयान में कहा कि हमारा आकलन है और स्पष्ट मत है की छत्तीसगढ़ की जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है. प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ में भाजपा की सरकार बनेगी. यह जो सर्वे है, वह मात्र आकलन है. इसलिए प्रदेश की जनता भूपेश सरकार की विदाई चाहती है. जनता एक स्नेह भाजपा को प्राप्त होगा और स्पष्ट बहुमत के साथ में छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा.

### दिनदहाड़े बैंक से 18 .85 करोड़ की लूट

**इम्फाल,1 दिसंबर।** मणिपुर के उखरूल कस्बे में गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक की एक ब्रांच में लूट की एक बड़ी घटना हो गई। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, उखरूल में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में अज्ञात हथियारबंद डकैतों ने डाका डाला और 18.85 करोड़ रुपये लूट लिए। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि 8 से 10 हथियारबंद लोगों ने दोपहर बाद उखरूल शहर के व्यूलैंड-1 में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच में धावा बोल दिया। उन्होंने कहा कि जब बैंक पर बदमाशों ने धावा बोला उस समय कर्मचारी दिन भर के लेनदेन के बाद पैसे गिन रहे थे। पुलिस के मुताबिक, हथियारबंद बदमाश पैसे गिनते कर्मचारियों तक पहुंचे और 18.85 करोड़ रुपये लूट लिए। कथित तौर पर अज्ञात नकाबपोश लोगों के पास अत्याधुनिक हथियार थे और उन्होंने सुरक्षाकर्मियों और पीएनबी शाखा के कर्मचारियों पर कब्जा कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सुरक्षाकर्मियों और बैंक कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर रस्सियों से बांध दिया गया और नकदी लेकर भाग गए हथियारबंद लोगों ने स्टोर रूम के अंदर बंद कर दिया।' वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंच गए और बैंक प्राधिकरण ने इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज कराया है

### अभी भी वैध हैं 2000 के नोट

**नई दिल्ली,1 दिसंबर।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये के 97.26 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गए हैं। इसमें आगे कहा गया कि 2,000 रुपये के नोट, जो इस साल 19 मई तक प्रचलन में थे, वैध मुद्रा बने रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि 2,000 रुपये के लगभग 2.7 प्रतिशत नोट बैंक शाखाओं में जमा करने या बदलने की समय सीमा समाप्त होने के लगभग दो महीने बाद भी प्रचलन में हैं। जनता के लिए बैंकों में उच्च मूल्य वाले 2000 रुपये के नोट बदलने या जमा करने की आखिरी तारीख 7 अक्टूबर थी।आरबीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था।

# राज्यसभा सदस्यों को विदेश यात्रा की अनुमति लेना जरूरी

**नई दिल्ली,1 दिसंबर।** संसद के शीतकालीन सत्र से कुछ दिन पहले, राज्यसभा ने अपने सदस्यों को विदेश यात्रा, यहां तक कि निजी यात्रा पर भी जाने से पहले विदेश मंत्रालय (एमईए) से राजनीतिक मंजूरी लेने की याद दिलाई। नयी अधिसूचना में कहा गया है कि सांसदों को निजी विदेश यात्रा के दौरान विदेशी आतिथ्य स्वीकार करते समय सख्त दिशानिर्देशों का पालन करना होगा तथा केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति लेनी होगी।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी अपने सांसदों के लिए 2005 की आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा किसी भी विदेशी स्रोत, अर्थात् किसी भी देश की सरकार या किसी विदेशी इकाई से सभी निमंत्रण विदेश मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाने की उम्मीद है। हालाँकि, यदि ऐसा निमंत्रण सीधे प्राप्त होता है, तो सदस्यों को इसे विदेश मंत्रालय के ध्यान में लाना आवश्यक है और इस उद्देश्य के लिए उस मंत्रालय की आवश्यक राजनीतिक मंजूरी भी प्राप्त की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें ऐसे उपहार न लेने का भी आदेश दिया गया है, जो उनके आधिकारिक कर्तव्यों के ईमानदार और निष्पक्ष निर्वहन में हस्तक्षेप कर सकते हैं। ये

दिशानिर्देश ऐसे समय में आया है जब लोकसभा की आचार समिति ने 'धन लेकर प्रश्न पूछने' के विवाद में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सदस्य महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की है। मोइत्रा पर संसद में सवाल उठाने के लिए दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से 'अवैध धन' लेने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि सांसदों को यह भी सलाह दी जाती है कि विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने के लिए उनके आवेदन यात्रा की प्रस्तावित तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले गृह मंत्रालय के पास पहुंच जाने चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है, आतिथ्य स्वीकार करने से पहले, संसद सदस्यों को आतिथ्य प्रदान करने वाले संगठन/संस्था की साख के बारे में खुद को संतुष्ट करना चाहिए। एक अन्य अधिसूचना में कहा गया है कि सांसदों से अनुरोध है कि वे अपनी विदेश यात्रा के उद्देश्य की जानकारी कम से कम तीन सप्ताह पहले महासचिव को भेजें, ताकि विदेश मंत्रालय और संबंधित भारतीय मिशन/पोस्ट को इसके बारे में सूचित किया जा सके। सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपने यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप देते ही सम्मेलन एवं प्रोटोकॉल अनुभाग के प्रभारी संयुक्त सचिव को ई-मेल करें।

# दुबई में मोदी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**दुबई,1 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ल्ड क्लाइमेट ऐक्शन समिट (विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन) सीओपी28 में भाग लेंगे। गुरुवार को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए वह दुबई पहुंच गए। उनके स्वागत में यहां दुबई में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पीएम मोदी के स्वागत के दौरान भारतीय प्रवासियों के सदस्यों ने 'सारे जहां से अच्छा' गाया। इसके साथ ही 'भारत माता की जय', 'अबकी बार मोदी सरकार' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया सीओपी28 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन की कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिसका उद्देश्य एक बेहतर ग्रह बनाना है'। मोदी ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है, जो जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। मोदी ने कहा, ''अपने सभ्यतागत लोकाचार को ध्यान में रखते हुए भारत ने हमेशा जलवायु कार्रवाई पर जोर दिया है, यहां तक कि हम सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली से रवाना होने पहले अपने बयान में कहा, ''जी20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान जलवायु हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर थी। नई दिल्ली घोषणापत्र में

जलवायु कार्रवाई और सतत विकास पर कई ठोस कदम शामिल हैं। मैं इन मुद्दों पर आम सहमति को सीओपी28 में आगे बढ़ाये जाने की उम्मीद करता हूं। मोदी जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र के 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज' के दौरान शुक्रवार को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसे सीओपी28 के नाम से जाना जाता है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विश्व के कई नेता जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। प्रधानमंत्री का तीन अन्य उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। सीओपी28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक हो रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने बयान में कहा कि सीओपी28 पेरिस समझौते के तहत हुई प्रगति की समीक्षा करने और जलवायु कार्रवाई पर भविष्य के कदम के लिए राह तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा। मोदी ने कहा, ''भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में ग्लोबल साउथ ने समानता और जलवायु न्याय के सिद्धांतों पर आधारित जलवायु कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया लेकिन साथ ही जिम्मेदारियां तय करने और अनुकूलन पर अधिक ध्यान देने पर बात की।

# नक्सलियों ने स्टेट हाइवे पर लगाया बैनर-पोस्टर

**पखांजुर,1 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अनुविभाग के बांदे थाना क्षेत्र के पिव्ही नंबर 78 बेलगाल चौक पर नक्सलियों ने बैनर पोस्टर टांगा हैं नक्सलियों ने 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए की 23वी वर्षगांठ को देश भर में मनाने की बात कही। नक्सलियों ने इजरायल के युद्ध के खिलाफ फिलिस्तीन जनता के मुक्ति के आंदोलन को समर्थन करने की बात लिखी वही क्रांतिकारी जनताना सरकारों को बचने एवं मजबूत करने की बात बैनर में लिखा है। नक्सली लगातार क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं वही परतापुर एरिया कमेटी ने स्टेट हाइवे क्रमांक 25 के बेलगाल चौक में बैनर पोस्टर लगाने का जिम्मेदारी लिया है,वही क्षेत्र में लगातार सुरक्षा बलों की सर्चिंग अभियान तेजी से चल रहा है।

### नक्सलियों ने जनअदालत में की उपसरपंच की हत्या

**कांकेर,1 दिसंबर।** कांकेर से बड़ी खबर सामने आअ रही है यहां छोटे बेठिया थानाक्षेत्र में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है । मिली जानकारी के अनुसार कंदाड़ी गांव के उप सरपंच की हत्या की है । पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर उपसरपंच रामसू कचलामी की जन अदालत लगाकर हत्या की है। दूसरी तरफ पी व्ही 62 में मोबाइल टावर को भी आग के हवाले कर दिया इसके बाद संगम जाने वाली पक्की सड़क को भी जगह जगह से काटा है इसके साथ भारी मात्रा में पर्चे फेंके है , बता दे 2 दिसंबर से नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह शुरू हो रहा है ।

# सुखती के नाम पर किसानों से लिया जा रहा अधिक धान

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**कांकेर,1 दिसंबर।** नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम दुधावा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र मे 3 किलो धान किसानों से ज्यादा लिया जा रहा है। एक ओर जहां किसान 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत होने से खुश नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उनसे तौल में उपार्जन केंद्र में सुखती के नाम से अधिक धान ले रहे हैं। प्रति बोरे में किसानों से 3 किलो अतिरिक्त धान लिया जा रहा है। मामले में प्रशासन स्तर पर कार्रवाई नहीं किए जाने से किसान उपार्जन केंद्रों में ठगी का शिकार हो रहे हैं।जब मीडियाकर्मी द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुधावा अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों में जाकर निरीक्षण किया तो धान के अधिक तौल का मामला प्रकाश में आया है। जहाँ 3 किलो ग्राम अधिक तौल करते हुए पाया गया। शासन के नियमानुसार एक बारदाने में 40 किलो धान भरा जा सकता है। उसमें बारदाने के वजन के बदले एक बारदाना रखा जाता है या फिर 600 ग्राम, लेकिन समिति प्रबंधक 3 किलो तक प्रति बोरी एक्स्ट्रा धान भर रहे हैं। प्रबंधकों के पास नमी जांचने के लिए मशीन शासन ने दी है। किसानों को समिति प्रबंधक ही रबी व खरीफ दोनों सीजन में

खाद्य बीज उपलब्ध कराते हैं। अधिक धान लेने की शिकायतें व आपत्ति करें तो उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

किसान दिनेश कुमार रजक ने बताया है कि मेरा धान तौला गया है जिसमे 3 किलोग्राम तक एक्स्ट्रा धान तौला गया है जिससे किसानों मे रोष व्याप्त है! अधिक तौल के सम्बन्ध मे ज़ब मीडियाकर्मी द्वारा आदिम जाति सहकारी समिति दुधावा के प्रबंधक गंगाधर यादव से पूछताछ किये और उसी दौरान किसान के धान को तौला गया तो 3 किलोग्राम एक्स्ट्रा धान तौल मे था ज़ब प्रबंधक गंगाधर यादव यादव ने तौल को देखा तो उन्होंने खुद स्वीकार किया कि तौल मे गलती हुई है! तदपश्चात मीडियाकर्मी हमाल से पूछताछ किये तो हमाल का कहना है कि एक्स्ट्रा धान तौल करने प्रबंधक के द्वारा कहा गया था इस वजह से हम एक्स्ट्रा धान कि तौलाई कर रहे है! इस सम्बन्ध मे अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) मनीष साहू से संपर्क करने पर उन्होंने खा कि नायब तहसीलदार को भेजकर मामले कि जांच कराई जायेगी!

### सिम्स के ओएसडी का हाई कोर्ट में कबूलनामा

## डॉक्टरों में नहीं है वर्क कल्चर, प्राइवेट प्रैक्टिस पर रहता है ज्यादा ध्यान

**बिलासपुर,1 दिसंबर।** सिम्स की बदहाली पर स्वतः संज्ञान याचिका पर हाईकोर्ट की बेंच ने सुनवाई की. सुनवाई के दौरान सिम्स के ओएसडी ने माना कि सिम्स के डॉक्टरों में वर्क कल्चर नहीं है. डॉक्टरों का ज्यादा ध्यान प्राइवेट प्रैक्टिस पर रहता है. हाई कोर्ट ने डीन और एमएस को व्यवस्था बनाने में असफल बताते हुए 6 दिसंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की है. बीते दिनों सिम्स की अव्यवस्था को लेकर मीडिया में आ रही खबरों को लेकर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने संज्ञान लिया था. इसके बाद एक जनहित याचिका के रूप में इस मामले की सुनवाई की जा रही है. पूर्व में हुई सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य शासन के सीनियर आईएएस आर प्रसन्ना को सिम्स के ओएसडी के रूप में काम करते हुए अपनी विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. ओएसडी ने चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की. इसमें स्वीकार किया गया है कि सिम्स में वर्क कल्चर पूरी तरह प्रभावित हो गया है. इसे वापस पटरी पर लाने में अभी बहुत समय लगेगा. हाई कोर्ट ने एडवोकेट सूर्या कंवलकर डांगी, अपूर्व त्रिपाठी और संघर्ष पाण्डेय को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर सिम्स में पूरी जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था.

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़े

**नई दिल्ली 1 दिसंबर।** आज से एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ गए हैं। ये बढ़ोतरी 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर पर हुई है और इसके रेट में 21 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया है। आज 1 दिसंबर 2023 से आपको राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए 1796.50 रुपये चुकाने होंगे जबकि इससे पिछले महीने एलपीजी गैस के दाम 1775.50 रुपये प्रति सिलेंडर पर थे।

इससे पहले 1 नवंबर को भी इसकी कीमत में 100 रुपये का इजाफा किया गया था, हालांकि, उसके बाद 16 नवंबर को इसकी कीमत में 57 रुपये की कटौती की गई थी। अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला गैस सिलिंडर 1796.5 रुपये में मिलेगा। बता दें कि घरेलू गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली के अलावा मुंबई में अब कमर्शियल एलपीजी के लिए 1,749 रुपये चुकाने होंगे. वहीं, चेन्नई में 1,968.50 व कोलकाता में इसकी कीमत 1,908 रुपये हो गई है. यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं. इससे पहले दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी की कीमत 1775.50 रुपये थी। घरेलू गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. आखिरी बार 30 अगस्त को नॉन सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की

कीमत में कटौती की गई थी. तब दिल्ली में इसे घटाकर 1103 रुपये से 903 रुपये कर दिया गया था. कोलकाता में इसकी कीमत 929 रुपये, मुंबई में 902.50 रुपये और चेन्नई में 918.50 रुपये है।

## भाजपा प्रत्याशी पर कार्रवाई की मांग

**बलौदाबाजार,1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को मतदान हो चुके हैं और अब दो दिन बाद यानी 3 दिसंबर को इसके परिणाम आने वाले हैं. इस बीच बलौदाबाजार जिले में राजनीतिक प्रतिद्वंदता का आलम यह है कि कांग्रेस नेता ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है.

दरअसल, पूरा मामला बलौदाबाजार से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा की ओर से पलारी थाना में 17 नवंबर को दर्ज कराई गई शिकायत से है. भाजपा प्रत्याशी ने शिकायत में बताया है कि रात लगभग 2.30 बजे के आसपास उनके घर में अज्ञात लोगों की ओर से गाली-गलौज और दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया गया. साथ ही उनकी एक कार को ड्राइवर सहित ले गए हैं. वहीं अब कांग्रेस ने कलेक्टर और एसपी को सौंपे ज्ञापन में इस शिकायत को झूठा बताया है. कांग्रेस नेता ने भाजपा प्रत्याशी के आरोप को झूठा बताते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी की छवि को धूमिल करने जिस गाड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा था, उसके ड्राइवर ने पर्चे फेंके जाने की बात न्यायालय में स्वीकार की है. इस पर कोर्ट ने जुर्माना लगाया है. कांग्रेस प्रत्याशी ने निर्वाचन अभिकर्ता लखेश साहू से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. वहीं, भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कहा कि उनके घर पर तोड़फोड़ हुई थी. पलारी थानेदार स्वयं आये थे और उन्होंने देखा है.

# जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं वह समृद्ध नहीं हो सकता

**नई दिल्ली,1 दिसंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश की सीमा की देखभाल करने के लिए सीमा सुरक्षा बलों (बीएसएफ) की सराहना की, जिसके कारण वह ÷बिना किसी तनाव के शांति से÷ सो पाते हैं। बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड के हजारीबाग में अर्धसैनिक बल के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब सीमाओं के रक्षक मोर्चा संभाल लेंगे तो देश को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर बीएसएफ के सभी जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश को हमारे जवानों पर गर्व है। गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ के अधीन आने वाली पाकिस्तान सीमा हो या बांग्लादेश सीमा, जब भी दुश्मन कोई हरकत करता है तो स्थिति तनावपूर्ण हो जाती है लेकिन जब बीएसएफ कहती है कि उनके जवान मौजूद हैं तो मैं बिना किसी तनाव के चैन की नींद सो पाता हूं। उन्होंने कहा कि एक बार जब सीमा के रक्षक मोर्चा संभाल लें तो किसी को भी सीमा की चिंता करने की जरूरत नहीं होती। एक गृह मंत्री के रूप में मुझे आप पर बहुत गर्व है।

अमित शाह ने कहा कि यदि किसी देश की सीमाएँ सुरक्षित नहीं हैं तो वह कभी भी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। चाहे जी 20 का सफल आयोजन हो या चंद्रयान-3, ये सब इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि आपके त्याग और तपस्या से देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। बीएसएफ इस देश के विकास की जड़ है। उन्होंने कहा कि कल, मैंने वामपंथी उग्रवाद के साथ हमारी लड़ाई की समीक्षा की। आज मैं बताना चाहता हूं कि हम इसके कगार पर हैं। वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा।

शाह ने कहा वामपंथी उग्रवाद दिन-ब-दिन सिमटता जा रहा है। सीआरपीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ अपने अंतिम हमले के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में देश को इससे मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं... गश्त बढ़ने से उग्रवादियों के संसाधनों में कमी आई है... झारखंड के कुछ इलाकों में आखिरी लड़ाई बाकी है. हम वह लड़ाई भी जीतेंगे। बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा कि हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी की घटनाओं में बीएसएफ ने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। बीएसएफ ने हथियारबंद घुसपैठियों को भी मार गिराया। पिछले एक साल में बीएसएफ ने पाकिस्तान से आने वाले 90 ड्रोन गिराए और जब्त किए 1000 किलोग्राम हेरोइन। भारत-बांग्लादेश सीमा पर पिछले एक साल में 20 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया गया।

# वैन-ट्रक में टक्कर,8 की मौत

**भुवनेश्वर,1 दिसंबर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में एनएच-20 पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोगों की हालत गंभीर रूप से घायल हो गए. ये दुर्घटना उस वक्त हुई जब यात्रियों से भरी एक वैन ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी. सूचना मिलने पर बालीजोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है. हालांकि दुर्घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है. मामले पर क्योंझर के एसपी कुसलकर नितिन दगुडु ने कहा, 20 लोगों से भरी वैन तेज रफ्तार से जा रही थी और इसी दौरान ये ट्रक से जा भिड़ी. चूंकि कोहरा था तो संभावना है कि वैन के ड्राइवर ने ट्रक को नहीं देख पाया होगा. पोदामारी गांव से 20 लोग वैन में सवार होकर जिले के मां तारिणी मंदिर जा रहे थे। हादसा उस वक्त हुआ जब पोदामारी गांव से 20 लोग वैन में सवार होकर जिले के मां तारिणी मंदिर जा रहे थे. इसमें से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने घाटगांव अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. शुरुआत में घायलों को घाटगांव अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में रैफर कर दिया गया. ये दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए।

## एक नजर

### आदतन बदमाश को किया गिरफ्तार

भिलाई, 1 दिसंबर। भिलाई हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला आदतन बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कोसानगर सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार नारियल काटने का चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तत्काल संदेही को घेराबंदी कर को पकड़ा गया आरोपी संतोष चौधरी ( 30 वर्ष ) निवासी लक्ष्मी नगर गदा चौक के पास के कब्जे से एक लोहे का नारियल काटने का धारदार चाकू जब्त किया है।

### दूसरे के प्रवेश पत्र पर दे रहा था परीक्षा

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई पार्थवी कॉलेज, भिलाई-3 में दिल्ली पुलिस के कॉस्टेबल की परीक्षा गुरुवार को हो रही थी। इस दौरान इयूटी में तैनात अजीत वर्मा एंटी पाइंट पर आने वाले परीक्षार्थियों की जांच कर रहे थे उन्होंने मनीष मंडावी नाम के अभ्यार्थी का प्रवेश पत्र लेकर बारकोड स्केनिग किया तब उसका नाम सतीश उइके पाया गया प्रवेश पत्र को अच्छी तरह जांच करने पर पाया कि प्रवेश पत्र में प्रविष्ट रोल नंबर सतीश कुमार उइके का है व प्रवेश पत्र में नाम, परीक्षा समय परीक्षा का एंट्री समय गलत पाया गया पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है ।

### दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई दोपहिया वाहन चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है जामगांव आर टीआई अम्बिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि ग्राम सुरपा निवासी नवीन कुमार ने शिकायत किया था कि उसकी बाइक अज्ञात ने चोरी कर लिया मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बेल्हारी चौक के पास चेकिंग के दौरान युवक को पकड़ा गया पूछताछ करने पर ग्राम भोथली जिला धमतरी निवासी राकेश दास बताया है उसके पास से पुलिस ने बाइक बरामद किया है इस कार्रवाई में एंटी क्राइम सउनि चंद्र शेखर सोनी, प्रधान आरक्षक रुमन सोनवानी, चंद्रशेखर वंजीर, आरक्षक राज कुमार चंद्रा, मेघराज चेलक, अश्वनी यदु, अजय ढीमर, पंकज चतुर्वेदी समेत जामगांव आर के पुलिस का योगदान रहा है।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र घर लौटते समय बीती रात सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई मामले में पुलिस ने जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि कुरुद बस्ती निवासी दीपक ठाकुर 16 वर्ष रात में दोस्तों के साथ बाइक में सिगरेट खरीदने गया हुआ था घर लौटते समय माया मैरीज पैलेस के पास बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे मौके पर ही दीपक की मौत हो गई वही उसके दो दोस्त घायल हो गए है ।

### छात्रा ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई छावनी निवासरी 7 वीं की 13 साल की छात्रा ने घर में दुपट्टे से फंदा डालकर फांसी लगा ली वह सुबह स्कूल गई थी स्कूल से घर लौटी स्कूल का यूनिफार्म भी नहीं बदला और फांसी लगा ली वह अंडा गांव की रहने वाली थी पिछले एक साल से मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी ।

### विक्रम जनबंधु का चिंतन 2 व 4 दिसंबर को प्रसारित

भिलाई, 1 दिसंबर। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक व कवि विक्रम जनबंधु का चिंतन 2 एवं 4 दिसंबर को प्रातः 6 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित किया जाएगा। जनबंधु की इसके पूर्व भी कई कहानियां और कविताएं आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो चुकी हैं। कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और समसामयिक विषयों पर उनके लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे हैं। उनकी एक कहानी और कविता संग्रह शीघ्र प्रकाशित होने वाला है।

### द्वितीय रेण्डमाईजेशन 2 दिसंबर को

**दुर्ग,1 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतगणना दल गठन हेतु द्वितीय रेण्डमाईजेशन 2 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे से जिला कार्यालय दुर्ग के एनआईसी कक्ष में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग एवं नोडल अधिकारी मतगणना दल गठन को स्वतः उपस्थित होकर द्वितीय रेण्डमाईजेशन का कार्य पूर्ण कराने कहा है।

# अगहन के पहले गुरुवार को घर-घर हुई मां लक्ष्मी की पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 दिसंबर।** अगहन के पहले गुरुवार को घर-घर मां लक्ष्मी की पूजा हुई। महिलाओं ने सुबह स्नान कर मां लक्ष्मी की स्थापना की और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। भोर होने के पहले घर के प्रवेश द्वार पर दीप जलाए और पूजा कक्ष तक चावल के घोल से अल्पना सजाकर मां लक्ष्मी का आह्वान किया। धन और वैभव की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा अगहन महीने के गुरुवार को होती है। हिन्दू धर्मावलम्बी इस त्यौहार को श्रद्धा पूर्वक मनाते हैं। भिलाई - दुर्ग के शहरी क्षेत्रों के साथ आसपास के ग्रामीण इलाके में भी अगहन के पहले गुरुवार के लिए लोगों ने बुधवार की शाम ही घर के आंगन तथा पूजा कक्ष में चावल आटे के घोल से चौक बनाया। गुरुवार को अलसुबह हल्दी व आंवला का उबटन लगाकर स्नान के बाद शुभ मुहूर्त में आंवले की लकड़ी से निर्मित लक्ष्मी तथा विष्णु की स्थापना कर धूप.दीप एवं आंवला पत्ती से पूजा की गई। पूजा के बाद खीर पूड़ी व अन्य पारंपरिक व्यंजन का भोग लगाया और घर के सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। मान्यता के अनुसार इस पूजा के प्रसाद को घर के सदस्यों के अलावा बाहरी लोगों को नहीं दिया जाता। पुराणों में अगहन को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ महीना माना गया है। इस दिन रुपए पैसे का लेनदेन नहीं किया जाता। ऐसी मान्यता है कि इस दिन रुपए पैसे के लेनदेन करने से लक्ष्मी रुष्ट हो जाती है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर फिर बीएसपी ने की कार्रवाई

**भिलाई, 1 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इंफोर्समेंट विभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व पुलिस विभाग के साथ मिलकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु, सड़क के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध सेंट्रल एवेन्यू, फॉरेस्ट एवेन्यू तथा सिक्स ट्री एवेन्यू में आज 30 नवम्बर 2023 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कई अवैध दुकानों व ठेले, खोमचों को हटाया गया। इसके साथ ही पं रविशंकर शुक्ल मार्ग (सेंट्रल एवेन्यु) से आवारा पशुओं को पकड़कर कोसा नाला गौठान में भेजा गया। अवैध ठेले व खोमचे लगाने वालों को समझाइश देकर छोड़ा गया कि आगे से वे सड़क के किनारों पर दुकानें नहीं लगाएंगे। इन ठेलों की वजह से सड़कों में खरीदी हेतु भीड़ लगती है, जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनायें हो जाने का खतरा बना रहता है। नगर सेवाएं विभाग द्वारा ठेले खोमचों के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान भी निरंतर जारी है। आज टाउनशिप के विभिन्न भागों से 09 आवारा मवेशी पकड़ कर, भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित, कोसा नाला गौठान में सौंपा गया है। विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। इस अभियान के तहत संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में इंफोर्समेंट विभाग द्वारा लगातार चौंथी बार पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस व नगर निगम के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अवैध रूप से लगे ठेले, खोमचे के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# एसएमएस-3 के कास्टर का ब्लूम कम बिलेट कास्टर में रूपांतरण से संयंत्र के वांछित उद्देश्यों की हुई पूर्ति

**भिलाई, 1 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) के कंटीन्यूअस कास्टर-1 (सीवी-1) के ब्लूम-कम-बिलेट कास्टर में सफल रूपांतरण से संयंत्र के वांछित उद्देश्यों की पूर्ति हो पा रही है तथा लागत दर में कमी से आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुआ है। जहां सीवी 1 से सफल बिलेट उत्पादन हासिल करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, वहीं अभिनव समाधानों के साथ चुनौतियों पर काबू पाकर सीवी 1 से विशेष रेल ब्लूम उत्पादन, एसएमएस-3 टीम की उत्कृष्टता और संसाधनशीलता को प्रदर्शित करता है। वर्ष 2018 से कास्टर सीवी-1 से उत्पादन प्रारंभ किया गया था, परन्तु लांग रेल उत्पादन हेतु यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) के लिए ब्लूम की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इस कास्टर में केवल ब्लूम का उत्पादन किया जाता

था। मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल्स (एमडब्ल्यूआरएम) और मॉडेक्स यूनिट बार एंड रॉड मिल से उत्पादों की रोलिंग हेतु बिलेट्स की मांग को पूरा करने के लिए, संयंत्र अपनी सहयोगी इकाइयों के माध्यम से बिलेट्स की मांग को पूरा कर रहा था, जिससे लागत दर में वृद्धि हो रही थी और लाभ में कमी हो रही थी। संयंत्र की समग्र टेक्नो-इकोनॉमिक्स में सुधार के लिए सीवी-1 कास्टर से बिलेट्स उत्पादन की रणनीति बनाकर एसएमएस-3 टीम ने सीवी-1 कास्टर को परिवर्तित करने का कठिन कार्य प्रारंभ किया। बिलेट डमी बार नेविगेशन के प्रारंभिक चुनौतियों को तेजी से संपादित करने के बाद, कंटीन्यूअस कास्टिंग प्लांट (सीसीपी)-एसएमएस 3 टीम ने इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग (ईडीडी) के साथ मिलकर रोलर टेबल गाइडिंग को मॉडिफाई करने के प्रयासों में सहयोग करते हुए, उत्पादन में आने वाली अन्य संभावित चुनौतियों को दूर किया। कास्ट बिलेट मूवमेंट में तरंगता और मैन्युअल हस्तक्षेप जैसे मुद्दों को व्यापक पुनर्रचना द्वारा हल कर, एक सुव्यवस्थित प्रणाली तैयार की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन और तकनीकी साझेदारों के बहुमूल्य इनपुट के साथ-साथ प्लांट की इंजीनियरिंग शॉप्स के सहयोग और एसएमएस-3 की कंटीन्यूअस कास्टिंग प्लांट (सीसीपी) टीम के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप वांछित परिणामों के साथ सफलतापूर्वक कास्टर कन्वर्सन प्राप्त हुआ। सीवी-1 से 150×150 द्वद्व2 (मीटर प्रति वर्ग) सेक्शन के बिलेट्स का उत्पादन 19 सितंबर 2023 से प्रारंभ किया गया। समग्र प्रयासों के परिणामस्वरूप सितंबर 2023 को ही 9,928 टन वजन के 64 हीट्स का उत्पादन दर्ज किया गया। अक्टूबर 2023 में 46 हीट का उत्पादन दर्ज किया गया, जिसका वजन लगभग 7,467 टन था। नवंबर 2023 में उत्पादन बढ़कर 291 हीट हो गया, जिसका वजन लगभग 46,842 टन दर्ज किया गया। वर्तमान समय में सीवी 1 से संचयी उत्पादन 401 हीट किया जा रहा है, जिसका कुल भार 64,234 टन है। इसके साथ ही नवंबर 2023 में एसएमएस 3 के बिलेट कास्टर सीके2 के 6 दिन के कैपिटल रिपेयर के पश्चात 150×150 द्वद्व2 (मीटर प्रति वर्ग) सेक्शन के 42,031 टन बिलेट्स का भी उत्पादन किया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित

**दुर्ग,1 दिसंबर।** जिले में संचालित मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज कॉलेज, नर्सिग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखाते हैं, उनको सूचित किया गया है कि पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए 30 दिसंबर 2023 तक विभाग द्वारा तिथि निर्धारित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी अनुसार समस्त प्राचार्य अपने संस्था में समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय दुर्ग में निर्धारित तिथि तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

### जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक की गई लैप्रोटॉमी सर्जरी

**दुर्ग, 1 दिसंबर।** पांडुरंग रामाराव डोंगौकर शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग में लैपरोटॉमी की सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। मरीज कपिल देशमुख उम्र 50 वर्ष ग्राम आलबरास पेट दर्द की शिकायत के साथ आपातकालीन वार्ड में 26 नवंबर को भर्ती हुआ। चिकित्सकों ने इलाज शुरू करने के बाद जांच में पाया की मरीज को होलो विस्कस परफोरेशन है, जिससे मरीज की जान को भी खतरा हो सकता है। तुरंत ऑपरेशन किए जाने का निर्णय चिकित्सकीय टीम द्वारा लिया गया। मरीज के परिजन की सहमति के बाद मरीज को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया, तत्पश्चात डॉ. सरिता मिंज, डॉ. कामेंद्र ठाकुर सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. संजय वलवेंद्र विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग एवं समस्त ओ टी स्टाफ की टीम ने एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी एवं ओमेंटोपेक्सी सर्जरी की यह सर्जरी जटिल थी चुकी मरीज की पिछले वर्ष ही पेट की सर्जरी हुई थी । सिविल सर्जन डॉ. साहू के अनुसार वर्तमान में सर्जरी 3 घंटे तक चली तत्पश्चात मरीज को गहन चिकित्सा इकाई में डॉ. अनिल सिन्हा मेडिसिन विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में भर्ती किया गया।

# दूसरे दिन भी चला सर्विस रोड किनारे बेदखली अभियान

**भिलाई, 1 दिसंबर।** निगम भिलाई द्वारा सर्विस रोड पर चलाया जा रहा बेदखली अभियान के दुसरे दिन 5 कंडम वाहन, 6 नग ठेला तथा 3 ग्लो साइन बोर्ड, बेनर पोष्टर को हटा कर वाहनो के आवागमन के लिए सड़क को खाली कराया गया तथा 20 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 34 हजार 500 रूपये दांडिक शुल्क वसुल किया गया। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम द्वारा जी.ई.रोड से लगे सर्विस रोड पर चलाए जा रहे बेदखली अभियान के दूसरे दिन उत्तर दिशा के सर्विस रोड पर यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा कंडम वाहन को हटा कर सड़क को बाधा मुक्त किया गया। सडक पर लगाए गये दुकानो के संकेतक बोर्ड, बेनर, पोष्ट को जप्त किया गया संजय नगर मे संचालित कार शो रूम द्वारा पुरा सर्विस रोड को घेर कर गेट

लगाया गया तथा उसे जेसीबी से तोड कर सर्विस रोड के समतुल्य किया गया। कमला मेडिकल के पास, ट्रेवल्स एजेंसी, पैथालाजी लैब, मेडिकल स्टोर्स के ग्लो साइन बोर्ड जो जमीन मे गड़ा कर लगा रखे थे उसे भी जेसीबी से हटाया गया। अभियान के दुसरे दिन 20 स्थानो पर कार्रवाई कर 34 हजार 500 रूपये जुर्माना राशि वसुल किया गया है। आम नागरिकों के द्वारा निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोगो में अच्छा प्रतिसाद रहा है। सर्विस रोड को खाली कराने का अभियान कल भी जारी रहेगा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा है कि जीई रोड के दोनो किनारे व्यावसायी जिन्होंने सर्विस रोड के किनारे अवैध कब्जा या अतिक्रमण कर सड़क बाधा किए है वे स्वयं से अपना कब्जा हटा लेवे अन्यथा की स्थिति में निगम द्वारा जुर्माने तथा सामग्री जप्ती के साथ बेदखली की कार्यवाही की जाएगी। अभियान मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त जोन 1 खिरोद्र भोई, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह शोरी, व्ही.के.सैमुअल, कमलेश द्विवेदी, ओमप्रकाश चन्द्राकर, इमान सिंह, विरेंद्र वर्मा, धनराज नागपुरे,निरंजन असाटी,नंदकुमार सिन्हा, हरिओम गुप्ता सुपेला थाना से एएसआई एन.के.भदोरिया, प्रधान आरक्षक राकेश राय सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाई, 1 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से नवम्बर, 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में नवम्बर माह में कुल 65 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 3 कार्यपालक, 62 गैर-कार्यपालक शामिल है। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 30 नवम्बर 2023 को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य

महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सूरज सोनी द्वारा सेवानिवृत्त आदेश प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से नवम्बर, 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी ने सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 65 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 नवम्बर 2023 को सेवानिवृत्त हो गए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

### मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों-निर्वाचन अभिकर्ताओं को दी गई जानकारी

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अभ्यर्थियों-निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा उन्हें शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतगणना के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। अभ्यर्थियों-निर्वाचन अभिकर्ताओं को डाक मतपत्रों (ईटीपीबी हो या सामान्य) के गणना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू, रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उमेश साहू, सृष्टि चंद्राकर एवं ओंकारेश्वर सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मलिक ने बताया कि मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे शुरू होगा, अभ्यर्थियों-निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना के 1 घंटे पहले अर्थात सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम में उपस्थित होना होगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पहचान पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना 14-14 टेबलों पर राउंड आधार पर होगा। आयोग के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट के लिए सरायपाली में 03, बसना में 04, खल्लारी में 02 एवं महासमुंद में 03 अतिरिक्त टेबल लागए जायेंगे। इसी तरह सरायपाली में 20, बसना में 21, खल्लारी में 20 एवं महासमुंद में 18 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगा। प्रत्येक राउंड के बाद मतगणना की घोषणा की जाएगी और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा साथ ही अभ्यर्थियों को इसकी प्रति भी दी जाएगी।राजनीतिक अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सुबह 06 बजे पोस्टल बैलेट के लिए जिला कार्यालय स्थित कोषालय में आमंत्रित किया गया है। तत्पश्चात उसे मतगणना कक्ष के लिए शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए सुबह 05ः30 बजे उपस्थित होने कहा गया है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन द्वारा गणना के लिए कैलकुलेटर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति में होगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रत्याशी सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, निर्दलीय अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कहा-बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें

**दुर्ग,1 दिसंबर।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में सेजेस एवं नॉन सेजेस स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को प्रोत्साहित करने को कहा ताकि वे निरंतर अपने-अपने स्कूलों में कुछ न कुछ स्कूल व विद्यार्थियों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए प्रयास करते रहें। जिले में गठित विषय विशेषज्ञों के समूह के द्वारा जिले के समस्त विषय शिक्षकों का एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात किया जाएगा। बच्चों की विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चों के पालकों की मीटिंग लेने को कहा, ताकि बच्चों के स्कूल नही आने की वजह प्राप्त हो सके। उन्होंने जिले में एकल शिक्षक स्कूल के तहत संचालित स्कूलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की जानकारी ली। इस पर शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक उपस्थित हैं। जिले के विषयवार बेस्ट शिक्षक का चिन्हांकन कर पीयर ग्रुप की मदद से अन्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न विषयों के पीयररुप के शिक्षकों को उनके विषय के विषयवस्तु के अनुरूप कंटेंट निर्माण, मॉडयूल, मासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र निर्माण का कार्य दिया गया है। अभी तक 7 प्रश्नबैंक 06 मॉडयूल एंव 14 मासिक टेस्ट के प्रश्न तैयार कर लिए गए हैं। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के कक्षावार एवं विषयवार इंटरएक्टिव वीडियो विषय विशेषज्ञों द्वारा वीडियो तैयार करने को कहा, ताकि बच्चों की विषय की मूलभूत अवधारणा स्पष्ट हो सके। शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन एवं कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तृतीय व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को प्रथम श्रेणी में लाने का प्रयत्न किया जाए, ताकि वह अव्वल नंबर से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम आने वाले स्कूलों का निरीक्षण करने को कहा और शिक्षा स्तर में सुधार करवाने के निर्देश दिए।

# डाक मतपत्रों की गिनती पृथक रूप से आरओ के टेबल में होगी

## डाक मतपत्रों की गिनती के लिए दिया गया प्रशिक्षण, प्रशिक्षकों ने दी तकनीकी जानकारी



**रायपुर 1 दिसंबर।** समय का विशेष ध्यान रखें, मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को सुबह 7 बजे तक अपनी सीट तक मतगणना में संलग्ल अधिकारी-कर्मचारियों को पहुंच जाना चाहिए। उन्हें अपनी निर्धारित टेबल पर ही बैठना है। डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले होगी। डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग ऑफिसर करेंगे , जिनके सहयोग के लिऐ विशेष सहायक रिटर्निंग आफिसर होंगे,इसके लिए अलग टेबल होगा। डाक मतपत्रों की वैधता के बारे में उनका निर्णय ही मान्य होगा। इस कार्य के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक और सहायक उनकी सहायता करेंगे। डाक मतपत्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने यह कहते हुए डाक मतपत्रों की गिनती की संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की। यह प्रशिक्षण कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में दिया गया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि डाक मतपत्र के दो वर्गों में हैं ईटीपीबीएस अर्थात इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट और साधारण डाक मतपत्र। इन दोनों में एक ही प्रत्यक्ष अंतर होगा, ईटीपीबीएस पर अभ्यर्थी के चुनाव चिह्न अंकित नहीं होंगे पर दलीय सम्बद्धता (या निर्दलीय) का उल्लेख होगा। अन्य डाक मतपत्र पर चुनाव चिह्न होगा पर दलीय सम्बद्धता नहीं लिखी होगी। उन्होंने बताया कि पूर्व-गणना परीक्षण के बाद ईटीपीबीएस को भी सामान्य डाक मतपत्र की ही तरह हैण्डल करना है। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती ही प्रारंभ होगी। सामान्यतः एक निर्वाचन क्षेत्र में डाक मतों की गणना के लिए प्रत्येक 500 प्राप्त मतों के लिए एक टेबल आबंटित होगा।

प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि दोनों ही प्रकारों के डाकमतों के लिए तीन अनिवार्य अभिलेख होंगे, जिसमें पहला बाहरी लिफाफा बी (13सी) मतदाता की घोषणा (13ए); और 3) तथा मतपत्र का लिफाफ़ा ए (13बी) शामिल है। ईटीपीबीएस के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा गणना-पूर्व व्यवस्था की जायेगी। इसमें (एक एआरओ की देख-रेख में अधिकतम 10) मेजों पर लिफाफ़ों की स्केनिंग की व्यवस्था की जायेगी। ऐसे प्रत्येक मेज पर एक दल में क्यूआर कोड स्केनर के साथ एक सुपरवाईज़र और एक सहायक होंगे। सॉफ्टवेयर की मदद से प्रत्येक ईटीपीबीएस के बाहरी लिफाफ़े 13-सी के क्यूआर कोड को स्केन कर पोर्टल में अपलोड किया जायेगा।

प्रशिक्षण में बताया गया कि ईटीपीबीएस के लिए लिफाफों एवं मतपत्र के लिए कलर कोड लागू नहीं होता। मत के ख़ारिज होने के अन्य कारण ईटीपीबीएस पर भी यथावत लागू होंगे। डाक मतपत्र पर मतांकन के लिए कोई विशेष चिन्ह नहीं है। मतदाता द्वारा किसी भी चिन्ह का उपयोग अपनी मतांकन के लिए किया जा सकता है। इस संबंध में निर्देश केवल यह हैं कि निर्वाचक का चयन स्पष्ट परिलक्षित होता हो। किसी तकनीकी कारण से (घोषणा पत्र में त्रुटि, 13-सी में घोषणा पत्र न मिलने, निर्धारित रंग का लिफाफ़ा न होने आदि)गणना में शामिल न किए गये सभी डाक मतवाले लिफाफ़े गणना स्थल से हटा लिये जायेंगे और उन्हें एक अलग पैकेट में सुसंगत टीप के साथ सीलबंद किया जायेगा। शेष लिफाफ़ों के अन्यथा वैध पाये जाने पर सभी 13-सी वाले लिफाफ़े अपने 13-ए के साथ संलग्न करते हुए (गोपनीयता को दृष्टिगत रखते हुए) गणना स्थल से हटा दिए जायेंगे। इन्हें भी एक अलग पैकेट में सुसंगत टीप के साथ सीलबंद किया जायेगा। इसके बाद ही सभी 13-बी (भीतरी, छोटा लिफाफ़ा) खोला जायेगा और मतपत्र बाहर निकाला जायेगा। डाक मतपत्र (चाहे ईटीपीबी हो या सामान्य) उस स्थिति में अविधिमान्य होंगे जब मतपत्र ( ईटीपीबी को छोड़कर) पर आरओ के हस्ताक्षर की मुहर न लगी हो। एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष कोई निशान लगा हो। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष अलग-अलग निशान हो तब भी उसे अविधिमान्य किया जाएगा। किसी एक अभ्यर्थी के नाम के समक्ष लगा निशान दूसरे अभ्यर्थी के खाने तक इस प्रकार चला गया हो कि उसके चयन का निर्धारण कर सकना संभव न हो, या किसी भी अभ्यर्थी के नाम के समक्ष कोई निशान न लगा हो।

## एक नजर

### पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**रायपुर, 1 दिसंबर।** पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म-बी में आवेदक का नाम अंकित किए जाने और पीसीपीएनडीटी पोर्टल में 06 माह प्रशिक्षण हेतु अधिसूचित संस्था एवं प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक श्री प्रशांत श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पीसीपीएनडीटी की सलाहकार डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. ओमकार खंडेलवाल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

### कलिंगा विश्वविद्यालय एवं अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता

**रायपुर, 1 दिसंबर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए मेसर्स अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन किया। एमओयू का उद्देश्य अनुसंधान और अतिथि व्याख्यान के लिए संकाय और छात्रों के लिए संभावनाओं का पता लगाना है जिससे दोनों संगठनों को पारस्परिक रूप से लाभ होगा। समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंजिनियर पीके निमोणकर ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न पहलों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और संयुक्त प्रयासों के माध्यम से छात्रों के विकास और विकास को बढ़ाना है। इस ज्ञापन को करवाने डॉ. आशा अंभईकर, प्रोफेसर- कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और डॉ. स्वप्निल जैन, सहायक प्राध्यापक मैकेनिकल विभाग का विशेष योगदान रहा। कलिंगा विश्वविद्यालय और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने, नवाचार को बढ़ावा देने और वित्त के क्षेत्र में प्रतिभा का पोषण करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (द्वष्ट) द्वारा क्र्न मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवा उद्योग में एक प्रमुख संगठन है, जो अपने ग्राहकों को व्यापक और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, संगठन बाजार में अपनी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है।

### हार के बहाने तलाशने भाजपा चुनाव आयोग जा रही: कांग्रेस

**रायपुर 1 दिसंबर।** भाजपा के द्वारा बार-बार चुनाव आयोग जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा अपने तय हार के लिये अभी से बहाना तलाश कर रही है। इसीलिये भाजपा के नेता रोज-रोज नये बहाने तलाशने चुनाव आयोग पहुंच कर आरोप लगाते है। भाजपा कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाती है, तो कभी जिलों के अधिकारियों को धमकाती है, तो कभी स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के मनगढ़त आरोप लगाती है। भाजपा की यह बौखलाहट बताती है कि भाजपा चुनाव में बुरी तरह से पराजित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा द्वारा लगातार बयानों और चुनाव आयोग में गलत शिकायत करके अधिकारियों को धमका रही है। चुनाव में तय हार की खीझ से भाजपाई अधिकारियों को धमकाने और डरवाने पर उतर आये हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। भाजपा के नेता सरकार बनाने के मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे है। राज्य में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ वापस आएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन थी चुनाव में भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का जम कर दुरूपयोग किया।

## चौकी पाटनखास में रोजनामचा लेखन का हुआ शुभारम्भ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 1 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के द्वारा चौकी-पाटनखास का विधिवत रोजनामचा लेख शुभारंभ किया गया, चौकी पाटनखास नवीन भवन का स्थानीय गणमान्य नागरिक महिला पुरुष व बच्चों के साथ पारम्परिक हवन पूजा किया जाकर चौकी पाटनखास के रोजनामचा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) द्वारा चौकी प्रारम्भ की औपचारिक रिपोर्ट दर्ज किया गया एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गणेश यादव से रोजनामचा लेखन करा कर चौकी का कार्य प्रारंभ कराया गया इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ऑपरेशन) प्रशान्त कतलम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अं चौकी अर्जुन कुर्रे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मॉनपुर मयंक तिवारी,रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, आई टी बीपी कम्पनी कमांडर निरीक्षक मनीष त्रिपाठी, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक राजीव तिवारी, थाना प्रभारी अं चौकी निरीक्षक बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक सुशील त्रिपाठी,चौकी प्रभारी पाटनखास उप निरीक्षक गणेश यादव, प्रभारी जिला विशेष शाखा सउनि शंकर बर्वे, प्रभारी रीडर शाखा सउनि सुरेश बनाफर , सउनि मोह. नबी खान एवं थाना स्टाफ तथा ग्रामीण सम्मलित हुए। चौकी पाटनखास के अंतर्गत कुल 33 गांव अधिसूचित है जिसमे थाना अं चौकी के 29 गाँव तोयागोंदी, परेमेटा, भगवानटोला, देववासडी, नाटीपार, पाटनखास, साल्हे, ऐहेाडा, टेमली, करमरी, गोटाटोला, मरकाटोला, धनेगाँव, देहले, पण्डरवानी, भुरकुरी, खुनेरा वासडी, पाटनवासडी, अढ़ाईकट्टा, कुरुभट्ठी, बंजारी, छुरियाडोंगरी, बिलाडबरी, हिडकोटोला, मण्डावीटोला, मार्री, पथरेल, चावंरगांव एवं थाना चिल्हाटी के 04 गाँव टाटेकसा,केशालडबरी, पांगरी, खैरी चौकी पाटनखास अंतर्गत आयेगा, इन ग्रामो के ग्रामवासियों को शिकायत /रिपोर्ट करने थाना चिल्हाटी/ अं चौकी नही जाना होगा।

## चरामेति फाउंडेशन ने किया बेबी किट का वितरण

**रायपुर 1 दिसंबर।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खो खो पारा में एक दिन से एक माह तक के करीब पचास बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर नवजात बच्चों के परिजन लक्ष्मी यादव, प्रीति सिंह, सविता तारक, भारती यादव, सरिता शर्मा आदि ने न केवल प्रसन्नता व्यक्त की अपितु इस सेवा भावना की प्रशंसा भी की। बेबी किट वितरण का यह कार्यक्रम सत्यनारायण जी अग्रवाल, शंकरलाल जी अग्रवाल, निलेश जैन, श्रीमती सिल्की , रूद्रकांत त्रिवेदी, किरण कुमार त्रिवेदी, डॉ. रवि शुक्ला, नेत्र सहायक - पंकज पाण्डेय, डॉ. मृणालिका ओझा, जनक बेन, नीरू त्रिवेदी, लालिमा साहू, संगीता मिश्रा, संतोषी धनकर, श्रद्धा सेन्द्रे, हेमिन साहू, जी. पी. अखिलेश, सुनीला पंड्या, मेहुल पटेल, जयंत भाई, घनश्याम सराठे, प्रेम नारायण सोलंकी, वी. के. महालया आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

## 75 सीटों के साथ बनेगी भरोसे की सरकार



**रायपुर 1 दिसंबर।** एक्जिट पोल के नतीजो से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस अबकी बार तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस के 75 से अधिक विधायक चुनाव जीतकर आयेंगे। भाजपा चुनावों में दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। जनता ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को देखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 सालों में राज्य की जनता का भरोसा जीता है। 2018 में 68 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद कांग्रेस ने 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय, पंचायतो का चुनाव जीता। 5 सालों में कांग्रेस कभी कोई चुनाव नही हारी। इस बार भी हम रिकार्ड बरकरार रखेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा भाजपा छत्तीसगढ़ मे ईडी के अगुआई मे चुनाव लडी। ईडी नें आपने संवैधानिक मर्यादाओ को ताक मे रख कर कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियों मे बाधा पहुंचाने के लिए चुनाव के दौरान तमाम हथकंडे अपनाया मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए एक व्यक्ति के फर्जी बयान के आधार पर प्रेस नोट जारी कर के झूठे आरोप लगाया गया उसी के आधार पर प्रधानमंत्री से लेकर छोटे बड़े भजपा नेताओं नें ईडी की झूठी कहानी को जनता के सामने रखा लेकिन जनता नें भाजपा के षड्यंत्रो को नकार दिया।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि पूरे चुनाव के दौरान समुची भाजपा भूपेश बघेल के कद के सामने बौनी नजर आ रही थी प्रधानमंत्री खुद 7 सभा करने आने को मजबूर हुए अमितशाह सहित एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री आधा दर्जन मुख्यमंत्री अडानी के इशारे पर छत्तीसगढ़ मे डेरा डाले थे। सभी भाजपा नेता भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार मे लगे उसके बावजूद छत्तीसगढ़ कि जनता नें बता दिया कि उन सब पर छत्तीसगढ़िया सपूत भारी साबित हुए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और समृद्धि के पर्याय बन चुके भूपेश बघेल सरकार अबकी बार 75 पार के साथ वापसी करेगी। छत्तीसगढ़ के विकास और सांस्कृतिक के सम्मान में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया है उसके आधार पर कांग्रेस का कार्यकर्ता थे। घोषणा पत्र में किए गए अपने वादों से भी ज्यादा योजनाएं धरातल पर उतारे जाने से जनता के बीच में विश्वसनीय और स्वीकार्यता बढ़ी है। छत्तीसगढ़ के 26 लाख किसान, छत्तीसगढ़ के 14 लाख वनोपज संग्राहक, छत्तीसगढ़ की 27 करोड़ बहने जो ढाई लाख से अधिक महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से समृद्ध हुई है। गोठान, रीपा और वनोपज प्रसंस्करण से लाभ अर्जित कर रही है, उन सभी का भरोसा है कि अबकी बार 75 पार के साथ कांग्रेस सरकार बनाएगी। कांग्रेस का कार्यकर्ता भूपेश सरकार के कार्यक्रमों सामाजिक न्याय के प्रावधानो से गौरांवित है। छत्तीसगढ़ की प्रथा परंपरा, तीज त्यौहार, खान-पान, बोली भाषा और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए बेहतर काम हुए हैं।

## कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

**रायपुर 1 दिसंबर।** कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन का जन्मदिन केक काटकर, मिठाई खिलाकर ,बधाई देते हुए कैट टीम एवं कैट युवा टीम द्वारा कैट के प्रदेश कार्यालय में जन्मदिन मनाया गया जिसमे प्रमुख रूप से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, कैलाश खेमानी, सुनील धुप्पड, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, सूरज उपाध्याय, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश जेठानी, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र कुमार तिवारी, अवनीत सिंह, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, अमीत गुप्ता, मनीष कुमार सोनी एवं अमित प्रजापति आदि।

## प्यार का जश्न मनाएं प्यार के प्रतीक प्लेटिनम लव बैण्ड्स के साथ

**रायपुर 1 दिसंबर।** सर्दियों और छुट्टियों के इस सीज़न पीजीआई प्लेटिनम लव बैण्ड्स लेकर आए हैं, खासतौर पर शादियों के लिए डिज़ाइन किया गया एक्सक्लुज़िव कलेक्शन जो रिश्तों को नई परिभाषा देगा। साल खत्म होने जा रहे है, इस मौके पर कपल्स इन खास प्लेटिनम बैण्ड्स के साथ अपने हंसी-खुशी के पलों को फिर से तरोताज़ा कर सकते हैं। त्योहारों एवं सर्दियों के रोमांस के इस सीज़न ये बैण्ड उनके दुर्लभ प्यार की अभिव्यक्ति करेंगे। तो आपके प्यार की तरह कीमती प्लेटिनम के साथ अपने दुर्लभ प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। माना जाता है कि 2 बिलियन साल पहले एक उल्कापिण्ड के टूटने से धरती में प्लेटिनम आया। यह कीमती धातु दुनिया भर में कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही पाया जाता है और सोने की तुलना में 30 गुना दुर्लभ है। इसकी बेजोड़ क्षमता सुनिश्चित करती है कि इसमें कोई बदलाव न आए, यह अपनी सफेद प्राकृतिक चमक कभी नहीं खोता, और इसीलिए इसे कपल्स के अटूट प्यार की ताकत और क्षमता के समान माना जाता है। ये कपल्स अच्छे-बुरे हर समय में मजबूती से एक दूसरे का साथ निभाते हैं। प्लेटिनम डायमण्ड और अन्य कीमती रत्नों पर भी मजबूत पकड़ बना लेता है और प्राकृतिक सफेद चमक के साथ शानदार लुक देता है। 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैण्ड्स प्यार का प्रतीक हैं। ऐसा प्यार जो आधुनिक मूल्यों के साथ एक दूसरे की जीत का जश्न मनाता है, जो उन्हें पारम्परिक भूमिकाओं के दायरे से आगे बढ़कर एक साथ मिलकर सभी ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित करता है। जीवन के खास पलों में एक दूसरे के लिए प्रतिबद्धता का जश्न हो या सालगिरह का खास मौका या कोई अन्य पल, कपल्स अपने जीवन की हर उपलब्धि को विशेष महत्व देते हैं। आप साल के अंत के नज़दीक जा रहे हैं, ऐसे में प्लेटिनम लव बैण्ड्स की ओर से सीज़न के नए कलेक्शन के साथ अपने रिश्तों का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। इम्परफेक्टली परफेक्ट जब भी आप एक दूसरे के इम्परफेक्शन यानि खामियों को अपना लेते हैं, तो आपको अपना प्यार मिल जाता है। ये प्लेटिनम लव बैण्ड्स एसिमिट्रिकल तरीके से डिज़ाइन किए गए हैं, जो आपको इम्परफेक्शन में भी खूबसूरती की तलाश में सक्षम बनाते हैं। वे आपको याद दिलाते हैं कि आपको हमेशा एक दूसरे को अपनाना है फिर चाहे समय कितना भी इम्परफेक्ट हो। दुर्लभ धातु प्लेटिनम से ने इन लव बैण्ड्स में जड़े हीरे इन्हें और भी खूबसूरत बना देते हैं। तो प्लेटिनम लव बैण्ड्स के साथ अपने प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं।

## शिक्षा की गुणवत्ता परखने आकस्मिक निरीक्षण,बच्चों से रूबरू हुए अधिकारी



**अंवरी 1 दिसंबर।** शिक्षा की गुणवत्ता का परख करने शिक्षा विभाग के अधिकारी सतत् स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों व शिक्षकों से रूबरू हो रहे।स्कूलों में हो रहे विभिन्न गतिविधि और शिक्षण क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से बच्चो के स्तर में आने वाले बदलाव का आकलन किया जा रहा है7 29 नवम्बर दिन बुधवार को सहायक विकासखण्ड शिक्षाधिकारी सी. के. साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला तर्रागोंदी का अकास्मिक निरीक्षण कर बच्चों से मुखातिब हुए।इस दौरान उन्होंने कक्षा में बच्चों से गणित एवं पर्यावरण से संबंधित सवाल पूछकर स्कूल के शिक्षा के स्तर को जानने का प्रयास किया7 स्टेट एजुकेशन असेसमेंट सर्वे हेतु चयनित कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों को विशेष अभ्यास करवाने हेतु प्रधान पाठक आर.एल.रात्रे को निर्देशित किया 7स्कूल में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत बन रहे अतिकिक्त कक्ष का अवलोकन किया तथा मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया जिसमें मेन्यू के आधार पर मध्यान्ह भोजन बनाने एवम् साफ सफाई में विशेष ध्यान रखने के लिए रसोईया एवं सहायिका को कहा।

## शराब भट्टी चखना सेंटर पर 10000 रूपये का जुर्माना



**रायपुर 1 दिसंबर।** गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देश पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया ने जोन क्षेत्र के तहत फाफाडीह क्षेत्र में शराब भट्टी चखना सेंटर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया. भारी संख्या में चखना सेंटर के समीपस्थ नाले में डिस्पोजल गिलास एवं पानी पाउच फेंके जाने के कारण से निकास व्यवस्था पूरी तरह से अवरुद्ध मिली एवं प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी. जोन 2 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल पर शराब भट्टी चखना सेंटर के सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिये कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 10000 रूपये का जुर्माना किया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

## यह सिस्टम मरीज के हृदय की धड़कन को नियमित करेगा और हार्ट फेल होने से बचाएगा

# एसीआई में पहली बार दाईं तरफ से डाला गया कंडक्शन पेसिंग सिस्टम



**रायपुर 1 दिसंबर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों ने रायपुर निवासी 75 वर्षीय मरीज के हृदय में दाहिनी ओर से कंडक्शन पेसिंग सिस्टम लगाकर असामान्य हृदय की धड़कन को सामान्य किया। एसीआई में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस प्रक्रिया में प्रकृति द्वारा प्रदत्त हृदय की आंतरिक तंतु (हिज के बंडल और पुरकिंजे के तंतु) में कंडक्शन पेसिंग सिस्टम का नया तार फिट कर हृदय के ऊपरी चैंबर से निचली चैंबर तक विद्युत तरंगों के प्रवाह को सुगम बनाते हुए हाई रिस्क मरीज के हृदय की धड़कन को सामान्य करने में सफलता प्राप्त की।

रायपुर निवासी 75 वर्षीय पुरूष मरीज को एक निजी अस्पताल में साल भर पहले पेसमेकर लगाया गया था जो हृदय की धड़कन को नियमित करने के लिए था परंतु तीन महीने बाद ही मरीज के सीने से मवाद निकलने लगा। निजी अस्पताल में पुनः चार बार भर्ती किया गया फिर भी मरीज को बार-बार इन्फेक्शन होता रहा। तत्पश्चात् मरीज एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के पास पहुंचा जहां डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने मरीज को देखा। उनके पास मरीज के हार्ट की कमजोरी को देखते हुए दो विकल्प थे। पहला तीन तार वाले पेसमेकर का प्रत्यारोपण और दूसरा दो तार वाली उन्नत तकनीक वाले पेसमेकर (कंडक्शन पेसिंग सिस्टम) का प्रत्यारोपण। इस दौरान चुनौतियों को देखते हुए और दोबारा इन्फेक्शन न हो यह ध्यान में रखते हुए डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने मरीज को दो तार वाली पेसमेकर, कंडक्शन सिस्टम पेसिंग तकनीक के साथ, दाईं तरफ से डालने का निर्णय लिया चूंकि बाईं तरफ मवाद और पुराना पेसमेकर था। प्रदेश में दाईं तरफ से कंडक्शन सिस्टम पेसिंग का यह तीसरा केस है और इन्फेक्शन के साथ कंडक्शन सिस्टम पेसिंग का पहला केस है। पूरे देश में दाईं तरफ से यह तकनीक बहुत कम चिकित्सकों ने किया है। इसके साथ ही डॉ. स्मित ने मरीज के बेहतरी के लिए एंटी बैक्टीरियल एनवेलप भी पेसमेकर के साथ लगाया। इसके साथ ही साथ बाईं तरफ से डाला गया पुराना पेसमेकर और तार भी निकाल दिया गया है।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, सबसे पहले हृदय में जहां पेसमेकर लगाया जाना है वहां तक पहुंचने वाले तारों (कैथेटर) को मेरे द्वारा सुधारा गया। चूंकि जैसा कि पहले बताया गया है बाईं (लेफ्ट) ओर से जाकर हृदय में पेसमेकर प्रत्यारोपित करने के लिए अंग्रेजी के सी-शेप में कैथेटर आता है लेकिन यहां पर दाईं (राइट) ओर से जाकर हृदय के दाहिने हिस्से में पेसमेकर प्रत्यारोपित करने के लिए कैथेटर को अंग्रेजी के जेड शेप में मोडिफाई किया गया। राइट एट्रियम (दायें आलिंद) में तार डाली गई तत्पश्चात् पेसमेकर को एंटी बैक्टीरियल एनवेलप में डालकर तारों से कनेक्ट किया गया। उसके बाद बाईं तरफ लगे पेसमेकर और तारों को निकाल लिया गया। अब हृदय पहले की तरह प्राकृतिक रूप से सही तरीके से धड़केगा।

इस प्रक्रिया में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के साथ मेडिकल टीम में डॉ. प्रतीक गुप्ता, डॉ. अनमोल अग्रवाल, डॉ. बलविंदर सिंह, सीनियर टेक्नीशियन आई. पी. वर्मा, खेम सिंह मांडे, जितेन्द्र चेलकर, नर्सिंग स्टाफ आभा, मुक्ता और जॉन शामिल रहे।

## छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मनाया संविधान दिवस

**अंवरी 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाया गया। जिसमें उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के साहू , प्राध्यापक प्रोफेसर एस साहू, प्रोफेसर टी के साहू, प्रोफेसर उषा साहू, प्रोफेसर नेहा साहू ,प्रोफेसर डीके साहू, प्रोफेसर एसके साहू ,प्रोफेसर हिमानी जोशी ,प्रोफेसर ऐमेशवरी ढीढी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सबसे अहम है राजनीति की दिशा तय करना

देश की राजनीति की दिशा जो राजनीतिक दल तय करता है, वह बाकी दलों से आगे रहता है। बाकी दलों को वही करना पड़ता है जो सरकार ने किया है। इसलिए राजनीतिक दलों के बीच देश की राजनीति की दिशा तय करने के लिए होड़ लगी रहती है, सभी राजनीतिक राज्य हो या केंद्र हो राजनीति की दिशा तय करने के लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं। बिहार सरकार ने राज्य व देश की राजनीति की दिशा तय करने के लिए पहले जाति गणना कराई और उसके बाद आरक्षण 65 प्रतिशत कर दिया, उसके बाद बिहार से लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग के लिए आंदोलन करने की बात कही है। नीतीश कुमार को केंद्र का राजनीति में अपनी पहचान बनानी है इसलिए उन्होंने जाति गणना का वादा पूरा किया और बाकी राजनीतिक दलों व केंद्र सरकार के लिए चुनौती पेश की है। अब तक किसी ने ऐसा नहीं किया है। इसलिए नीतीश कुमार जाति गणना को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने वाले पहले नेता बने हुए हैं। राहुल गांधी भी उसी रास्ते पर चल रहे हैं जो रास्ता नीतीश कुमार ने विपक्ष के लिए तय कर दिया है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान के लिए राहुल गांधी विधानसभा चुनाव में जाति गणना के मुद्दे को जोर से उठाया है। उन्होंने कई राज्यों में वादा किया है कि उनकी सरकार बनी तो राज्य में जाति गणना कराई जाएगी। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन व अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान के लिए पिछड़ों की राजनीति की कमान संभालने का संकेत दिया है. स्टालिन व अखिलेश यादव ने चेन्नई के प्रेसीडैंसी कालेज में वीपी सिंह की मूर्ति का अनावरण कर वीपी सिंह को पिछड़ों के हीरो के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। विपक्ष के सारे नेता अलग अलग राजनीति की दिशा तय करने के काम में जुटे हुए हैं। पीएम मोदी व भाजपा ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। उन्होंने जाति गणना पर अपने पत्ते नहीं खोले है। लेकिन अन्य घोषणाएं पर भाजपा के वोटबैंक को सहेजने का काम तो कर ही रहे हैं। मोदी कैबिनेट की बैठक में हाल ही यह फैसला किया गया है कि अगले पांच गरीबों को मुफ्त राशन दिया जाएगा। यह मोदी का मास्टर स्ट्रोक है। राहुल गांधी व कांग्रेस की शुरू से कोशिश रही है कि मोदी सरकार को गरीब विरोधी सरकार साबित किया जाए। इसके लिए राहुल गांधी पूरे पांच साल सूट बूट की सरकार, अमीरों का पैसा माफ करने वाली सरकार, मोदी को अडानी का मित्र कहकर प्रयास किया है। कांग्रेस खुद को गरीबो की सरकार, गरीबों को पैसा देने वाली सरकार, गरीबों की मदद करने वाली सरकार साबित करने का प्रयास करती रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो पीएम मोदी ही राजनीति की दिशा तय करते हैं। उनकी गरीबो के रक्षक की छबि टनल से मजदूरों के बाहर आ जाने से और निखरी है। वह देश के लोगों की रक्षा में हमेशा तत्पर सरकार की छबि बनाने में सफल हैं। चाहे विदेशों के भारतीयों को लाना हो या देश में कहीं संकट हो तो संकट का सामना करने में सरकार सफल रही है। इससे पीएम मोदी की छबि गरीबों के मसीहा का बनी है। जिस राजनीतिक दल को भी मोदी को टक्कर देनी हो तो उसे भी खुद को गरीबों के मसीहा के रूप में पेश करना होगा। राहुल गांधी व कांग्रेस राज्यों में कांग्रेस को तो गरीबों की पार्टी के रूप में स्थापित करने का पूरा प्रयास कर रही है। इसके लिए लोकलुभावन योजनाओं के जरिए कांग्रेस ने राज्यों में अपना वोट बैंक भी बनाया है।कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जिसकी छबि मोदी से बेहतर हो। राष्ट्रीय स्तर पर मोदी ने गरीबों के लिए घर, राशन, बिजली, शौचालय, पानी, इलाज आदि की जो व्यवस्था की है। उसका राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस कोई जवाब पेश नहीं कर सकी है। सिर्फ मोदी को गरीब विरोधी बताने का प्रयास करती है। यह प्रयास मोदी के हराने के लिए काफी नहीं है।

# सिल्क्यारा सुरंग दुर्घटना के सबक

**विशेलेषण**
**अजीत द्विवेदी**

**ध्यान रहे चिली से लेकर चीन और अमेरिका से लेकर थाईलैंड तक इस तरह की दुर्घटनाएं हुई हैं और कई जगह फंसे हुए मजदूरों को निकालने में महीनों लगे हैं। चिली में 2010 में एक अमेरिकी कॉपर कंपनी की खदान में 33 मजदूर फंसे थे और उन्हें सुरक्षित निकालने में 69 दिन का समय लगा था। सबसे ताजा मामला थाईलैंड का है, जहां 2018 में एसोसिएशन फुटबॉल टीम के 12 बच्चे और उनके कोच एक सुरंग में फंस गए थे।**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिल्क्यारा की निर्माणाधीन सुरंग में हुए दुखद हादसे का अंत सुखद रहा है। सुरंग में फंसे सभी 41 मजदूरों को 17वें दिन सकुशल निकाल लिया गया। लेकिन इस घटना से कुछ सवाल खड़े हुए हैं और कुछ सबक भी मिले हैं, जिन पर सरकारों के साथ साथ इस तरह के सामरिक व रणनीतिक रूप से अहम और बेहद संवेदनशील काम करने वाली निजी कंपनियों को भी ध्यान देना चाहिए। इस हादसे के बाद एक अच्छी बात यह भी हुई है कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देश के अलग अलग हिस्सों में बन रही इस तरह की 19 सुरंगों के कामकाज की समीक्षा करने का फैसला किया है। अगर इससे सबक लेकर मंत्रालय यह सुनिश्चित करता है कि किसी दूसरी निर्माणाधीन सुरंग में इस तरह का हादसा नहीं होगा तो यह माना जाएगा कि सिल्क्यारा सुरंग में 41 मजदूरों की जिंदगियों का दांव पर लगना सार्थक साबित हुआ। दूसरे, इस मामले में सुरंग बनाने वाली निजी कंपनी को जिम्मेदार ठहराना, उस पर आरोप लगाना, उसे सजा देने की मांग करना, उससे जुर्माना वसूलने की सलाह



देना भी एक किस्म का राजनीतिक नैरेटिव है, जिससे बचना चाहिए।सबको पता है कि इस तरह की सुरंग पहाड़ी इलाकों में बनाई जाती हैं। उत्तराखंड से लेकर हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर तक और उधर पूर्वोत्तर के राज्यों में ऐसी सुरंगें बनाई जाती हैं और इनका निर्माण निजी कंपनियां ही करती हैं। इन सुरंगों के निर्माण के एक साथ कई मकसद होते हैं। एक मकसद तो लोगों के लिए आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराना है लेकिन साथ ही इसका बड़ा सामरिक व रणनीतिक महत्व होता है। संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में, जहां चीन और पाकिस्तान दोनों की तरफ से सुरक्षा खतरा बना हुआ है, वहां इन सुरंगों से हर मौसम में निर्बाध परिवहन सुनिश्चित होता है। कमजोर होते पहाड़ों में इस तरह की सुरंगों का निर्माण हमेशा जोखिम का काम होता है। इसलिए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की मांग जरूर होनी चाहिए और साथ ही पर्यावरण विशेषज्ञों की राय लेने और उन्हें अनिवार्य रूप से मानने की बात भी भी होनी चाहिए लेकिन सुरंग बनाने वाली कंपनियों को सजा देने की मांग उचित नहीं है।

आखिर सुरंग बना रही निजी कंपनी ने ही दिल्ली की एक निजी कंपनी के सम्पर्क किया और एक दर्जन रैट माइनर्स बुलाए, जिन्होंने सिर्फ 21 घंटे में आखिरी 12 मीटर की मैनुअल खुदाई कर दी और मजदूरों को बाहर निकाल लिया। इसलिए यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कमजोर या कच्चे पहाड़ या इंसानी अतिक्रमण का शिकार हुए पहाड़ों में इस तरह की परियोजनाओं के साथ ऐसी दुर्घटनाएं होंगी। जरूरत इस बात की है कि उन्हें कैसे रोका जाए और हादसे के बाद जान-माल का नुकसान कैसे कम से कम हो यह सुनिश्चित किया जाए। सुरंग का निर्माण कर रही कंपनी और सरकार के ऊपर इस बात का दबाव जरूर बनना चाहिए कि वह मजदूरों को पर्याप्त मुआवजा दे। मजदूर और उनके परिजन जिस सदमे में थे और उन्होंने जो तनाव झेला है उसकी भरपाई निश्चित रूप से की जानी चाहिए। इस मामले में चिली की 2010 की घटना से सबक लिया जा सकता है, जिसमें एक अमेरिकी कंपनी के लिए काम कर रहे मजदूर कॉपर की खदान में फंस गए थे। निकलने के बाद उन सबको बड़ा मुआवजा मिला था। कई मजदूरों को तो जीवन भर पेंशन की व्यवस्था हुई थी। बहरहाल, सिल्क्यारा सुरंग के हादसे ने एक चीज और प्रमाणित की है कि संकट के समय पूरा देश और सारी एजेंसियां एक हो जाती हैं। संकट के समय ही देश और समाज का वास्तविक चरित्र सामने आता है। दिवाली के दिन सुबह हुए इस हादसे के बाद जिस तरह से केंद्र व राज्य की सारी एजेंसियों ने मिल कर काम किया वह काबिले तारीफ है। इससे यह साबित हुआ कि अगर आपदा प्रबंधन की सारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए तो किसी भी संकट में जान-माल के नुकसान को रोका जा सकता है या कम किया जा सकता है। सिल्क्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी एनडीएमए, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी एसडीएमए, बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन यानी बीआरओ, इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस यानी आईटीबीपी, नेशनल हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी एनएचआईडीसीएल और अंत में भारतीय सेना ने बेहतरीन तालमेल के साथ काम किया। केंद्र और राज्य सरकार ने निरंतर निगरानी रखी और जब जिस मशीन की जरूरत हुई उसे दश के अलग अलग राज्यों से विशेष विमान के जरिए लाकर घटनास्थल तक पहुंचाया गया।

ध्यान रहे चिली से लेकर चीन और अमेरिका से लेकर थाईलैंड तक इस तरह की दुर्घटनाएं हुई हैं और कई जगह फंसे हुए मजदूरों को निकालने में महीनों लगे हैं। चिली में 2010 में एक अमेरिकी कॉपर कंपनी की खदान में 33 मजदूर फंसे थे और उन्हें सुरक्षित निकालने में 69 दिन का समय लगा था। सबसे ताजा मामला थाईलैंड का है, जहां 2018 में एसोसिएशन फुटबॉल टीम के 12 बच्चे और उनके कोच एक सुरंग में फंस गए थे। उन्हें निकालने में 10 हजार लोगों की टीम लगी थी, जिसमें 90 गोताखोर थे। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया से लेकर चीन, रूस, ब्रिटेन आदि देशों के सुरंग और राहत व बचाव कार्य के विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे थे और 18 दिन के अथक प्रयास के बाद सबको सुरक्षित बाहर निकाला गया था। ऐसे ही सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद भी दुनिया भर के विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे, सारी एजेंसियों ने एक होकर बचाव के लिए काम किया, आम लोगों और स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग इस प्रक्रिया में रहा और अंत में 17 दिन की मेहनत रंग लाई।इस घटना का एक सबक यह है कि सरकार सभी निर्माणाधीन सुरंगों की सुरक्षा की समीक्षा करा रही है। इस सबक को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत है। सिर्फ निर्माणाधीन सुरंगों की सुरक्षा की समीक्षा पर्याप्त नहीं होगी। इस तरह की जितनी भी परियोजनाएं हैं, जो पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में चल रही हैं उन सबकी समीक्षा करने की जरूरत है। सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद मदद के लिए पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के सुरंग विशेषज्ञ आर्नोल्ड डिक्स ने बहुत भावुक होकर एक मौके पर कहा कि 'हम पहाड़ से अपने बच्चे मांग रहे हैं'। पहाड़ विशालता और उदारता का प्रतीक होते हैं। इसलिए डिक्स पहाड़ से अपने बच्चे लौटा देने की अपील कर रहे थे। सरकारों और तमाम निर्माण एजेंसियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पहाड़ या प्रकृति हमेशा ऐसी उदारता नहीं दिखाएंगे। अगर समझदारी नहीं दिखाई गई तो आने वाले समय में संकट गहराएगा। इसलिए पहाड़ों, जंगलों की अंधाधुंध कटाई और निर्माण को समय रहते रोका जाना चाहिए। सिर्फ सुरक्षा की समीक्षा पर्याप्त नहीं होगी। उसके साथ साथ पहाड़ों और जंगलों में चलने वाली तमाम व्यावसायिक गतिविधियों की समीक्षा होनी चाहिए और दीर्घावधि की योजना बननी चाहिए। ऐसा कोई काम नहीं होना चाहिए, जिससे प्रकृति का बनाया संतुलन बिगड़े। अन्यथा उत्तराखंड और हिमाचल के पहाड़ों में पिछले कुछ समय से हो रही दुर्घटनाओं को रोकना नामुमकिन हो जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे, जिससे आपको खुशी होगी। आज आप कुछ ऐसा करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे और आपको फॉलो करेंगे। आज आप शाम तक किसी विशेष काम को पूरा करने में समय देंगे, काम का रिजल्ट भी आपके मन मुताबिक होगा। आज आपको किसी पुराने निवेश से काफी लाभ होगा।

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपका विश्वास बढ़ेगा आप किसी दूसरे की बातों पर ध्यान न देकर खुद पर विश्वास करेंगे। आज आप कोई कर्ज उतारने में सफ़ल होंगे, आपकी मानसिक उलझन कम होगी। इस राशि की जो महिलाएं कोई जॉब करना चाहती हैं उनके लिए घरवालों से सलाह-मशवरा करने का बढ़िया दिन हैं।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप माता की कोई इच्छा पूरी करेंगे, जिससे उनका मन प्रसन्न होगा। आज आपके ननिहाल पक्ष से कोई खुशखबरी मिल सकती है। आज कोई करीबी व्यक्ति आपसे आर्थिक मदद मांगेगा आप उसकी हर-संभव मदद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग आज अपना संपर्क बढ़ाने में कामयाब होंगे। टेक्सटाइल का बिजनेस कर रहे लोगों का बिजनेस बढ़ेगा, अधिक धन लाभ होने के योग बन रहे है।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी सामाजिक गतिविधि में रूचि रहेगी। आज आप किसी काम में बड़े-बुजुर्गों की सलाह लेंगे, आपको काफी फ़ायदा होगा। इस राशि के जो लोग प्राइवेट जॉब करते हैं उनके लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा हो सकता है। बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। किसी मित्र की हेल्प करके आप खुद को बेहतर फील करेंगे। किसी समारोह का आयोजन होगा, जिसमे आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पिता जी आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम सौपेंगे जिसे बखूबी पूरा करने पर आपको शाबाशी मिलेगी, साथ ही पिता जी आपसे कुछ मन की बाते भी शेयर करेंगे। आज आप किसी काम को करने के लिए उत्साहित रहेंगे। बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने की वजह से आज आपके घर पर एक छोटी से पार्टी का आयोजन होगा।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कोई बिजनेस साझेदारी में शुरू करने का मन बनायेंगे। आपकी कोई पुरानी गलती के कारण आज आपको पछतावा होगा आप उस गलती को सुधारने का पूरा प्रयास करेंगे। माइग्रेन की समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे आपको जल्द ही आराम मिलेगा। संतान की तरफ से आप निश्चिन्त रहेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को लाभ के कई मौके मिलेंगे।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पैसा खर्च होने की वजह से आपकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। बेहतर होगा सोच समझकर ही पैसे खर्च करें। किसी से चल रही अनबन को आज आप बातचीत करके दूर करने की कोशिश करेंगे, आपकी यह कोशिश रंग लाएगी। बिजनेस को दूर-दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, इससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही समस्यायें दूर होंगी।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा, जिससे आप नयी-नयी चीजें सिखने का प्रयास करेंगे। आज आप अपने खान-पान की आदतों में बदलाव करेंगे। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चो में उत्साह दिखेगा। अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान बदलना पड़ सकता है।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको एक से अधिक स्त्रोत से धन लाभ होगा, जिससे आपकी खुशियाँ दोगुनी हो जाएंगी। आज जीवनसाथी से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करने से आपके रिश्ते में मिठास आएगी। आप आपका मन किसी खाने के किसी नयी डिश को बनाने को करेगा और ऑनलाइन उस डिश की रेसेपी सीखेंगी।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर गुस्सा होने से बचेंगे तो आपका काम अच्छे से पूरा हो जायेगा। आज ऑफिस में किसी काम को पूरा करने में आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आज समाज में आपका दायरा बढ़ेगा, आपकी नयी प्रतिभा लोगों के सामने आएगी, लोग आपका सम्मान करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

**कुम्भ राशि:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके बेटे को करियर से सम्बंधित कोई अच्छी सूचना मिलेगी आपके घर में रौनक बढ़ जाएगी। आपको गर्व महसूस होगा। आज आपके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम होगा, जिसको लेकर घर के सभी सदस्य उत्साहित होंगे। आज आप कार्यक्षेत्र में अपने अनुभव से किसी रुके हुए कार्य को पूरा कर लेंगे। आपकी मधुर भाषा के प्रयोग से लोग आपके कायल हो जायेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका बहुत दिनों से रुका धन वापस मिलने से आर्थिक समस्यायें दूर होंगी। आज आपके ससुराल से कोई व्यक्ति आपसे मिलने घर आ सकता है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई में कुछ बदलाव करेंगे ये बदलाव आपकी सफलता का मार्ग खोलेगा। घर की जिम्मेदारी आज आपके कन्धों पर होगी जिसे आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे। आज आप किसी इम्पोर्टेन्ट काम में बहुत हद तक सफल रहेंगे। ऑफिस के कार्य से आज आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**व्यंग्य**

# तुम किस मिट्टी के बने हो

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

एक पत्रकार ने नौकरी छोड़कर यूट्यूब चैनल शुरु कर दिया। तब एक यूजर ने पूछा, यदि पहले की तरह किसी ने इसे भी खरीद लिया तो कहाँ जाओगे? पहले दिन उस पत्रकार ने पूरा मन लगाकर काम किया। तब एक यूजर ने फिर से पूछा, आज तुमने कितनी खबरें दिखाईं? पत्रकार ने कहा कि मैंने तो सिर्फ एक खबर ही दिखाई। यूजर चौंककर बोला, क्या सिर्फ एक ही खबर। आम तौर पर भौंकू चैनलों पर काम करने वाले हर भौंकने वाले पत्रकार दस से पंद्रह खबर तो छींक मारकर दिखा देते हैं। अच्छा ये बताओं तुमने कौनसी खबर दिखाई?

एक खबर में सबकी क़बर । पत्रकार बोला। क्या! लेकिन तुमने यह कैसे किया? आश्चर्यजनक रूप से यूजर ने पूछा।

पत्रकार ने कहा, एक यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिख डाला कि दम है तो अपनी खबर से मुझे कबर तक पहुँचाओ। मैंने सबसे पहले दो हजार रुपए की नोट ली। उसे ऊपर से नीचे की ओर फेंक दिया। मैंने कहा इसे कहते हैं रुपए का गिरना। वह काफी प्रभावित हुआ। फिर मैंने कहा कि इसे मैं कहीं से भी ढूँढ़ सकता हूँ। मैंने अपने फोन में वाईफाई ऑन कर दो हजार के नोट में छिपे चिप से लिंक किया। गूगल मैप की तर्ज पर मुझे दो हजार रुपए का पता मिल गया। यूजर का होश उड़ता जा रहा था। मैं यहीं तक नहीं रुका। फिर मैंने कहा कि यह नोट गुलाबी है। गुलाबी रंग से प्यार बढ़ता है। इसलिए इस नोट को अपने जेब में संभाले रखना। प्रेम खर्च करने से जीवन में शांति के साथ-साथ बची-खुची खुशी भी चली जाएगी। इतना कहते ही यूजर ने अपना पर्स टटोला। उसमें रखी दो हजार की नोट गायब थी। मैंने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा कि इसमें रोने जैसी कोई बात नहीं है। एक बार अपने फोन का मैसेज इनबॉक्स देख लो। उसमें संदेश आया होगा कि फलां केर फंड में दो हजार जमा करने के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। आपकी देशभक्ति वेरिफाइड हो चुकी है। यह पढ़कर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने अपने साथ-साथ एक लाख फॉलोवर्स को मेरे यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइब करवाकर मेरा गुणगान कर रहा है। पहले यूजर ने कहा, वाह यह तो बड़े कमाल की बात है। लेकिन मुझे यह समझ नहीं आता कि बीस-पच्चीस ऐसे भी यूजर हैं जो बार-बार तुम्हारी हर प्रेजेंटेशन पर तारीफों के पुल बाँधते नजर आते हैं। वैसे ये हैं कौन? तब पत्रकार ने कहा, ये बड़े-बड़े न्यूज चैनलों के एंकर हैं, जो मेरा मसाला चुराकर अपने चैनलों पर लड़ने-झगड़ने की तड़कदार-भड़कदार रेसिपी बनाते हैं। अंदर की बात यह है कि बेवकूफ बनने वाले भी बेवकूफ बनाने का मसाला यहीं से ले जाते हैं। कुछ लोग मुझसे सवाल-जवबा तलब करते हुए इसी का प्रदर्शन करते हैं।

**चिंतन** **निर्मल रानी**

# मरती संवेदनायें,दम तोड़ते रिश्ते

बात 1998 की है। चंडीगढ़ में पी जी आई के मुख्य द्वार के बाहर एक अति वृद्ध बुज़ुर्ग फ़ुटपाथ पर कई दिनों से एक ही जगह पर बैठा रहा। लोगों ने जब उससे उसके बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि -'एक सप्ताह पहले पंजाब के किसी गांव से वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने पी जी आई आया था। उसके बाद मेरा बेटा मुझे इसी जगह पर बिठा कर चला गया और आज तक मुड़ कर नहीं आया '। उस वृद्ध की हालत देखकर लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि उसका बेटा अपने बुज़ुर्ग पिता की बीमारी और तीमारदारी से ऊब कर उसे पी जी आई में इलाज के बहाने लाकर यहां छोड़ कर चला गया। जब लोगों ने उस बुज़ुर्ग को वापस उसके घर पहुँचाने की बात की तो वह राज़ी नहीं हुआ। वह कहता कि 'जब मेरा बेटा ही मुझसे दुखी होकर मुझे छोड़ गया तो मैं फिर उसे दुखी करने के लिये घर जाकर क्या करूँगा' ? आख़िरकार कुछ समाजसेवियों की मदद से उसे किसी अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 25 वर्ष पूर्व की यह घटना देखकर यह अहसास होने लगा था कि शायद मानवीय संवेदनाओं ने कराहना शुरू कर दिया है। परन्तु यह एहसास क़तई नहीं था कि मानवीय संवेदनाओं के दरकने का यह सिलसिला तथाकथित संभ्रांत परिवारों यहां तक कि 'सेलेब्रिटी' स्तर के लोगों के परिवार में भी जा पहुंचेगा ?

तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाज़ा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था । जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना। वैसे भी आप यदि शहरों में वृद्धाश्रम में जाकर देखें तो तमाम कथित संभ्रांत परिवार के लोग वहां अपनी ज़िंदिगी की आख़िरी दिन अपने परिवार से दूर रहकर गुज़ारते दिखाई जायेंगे। संभव है कि कुछ बुज़ुर्गों को अपने अड़ियल व

रूढ़िवादी सोच विचार के चलते यह दिन देखने पड़ते हों। परन्तु अधिकांश मामलों में यही देखा गया है कि बच्चों व उनके परिवार का स्वार्थपूर्ण रवैय्या और मां बाप के प्रति उनकी बेरुख़ी ही मां बाप जैसे पवित्र व मज़बूत रिश्तों में भी दरार पैदा कर देती है।

रेमंड ग्रुप के चेयरमैन पद्मभूषण विजयपत सिंघानिया को देश दुनिया में आख़िर कौन नहीं जानता। 37 मंज़िला जेके हाउस,प्राइवेट जेट,अंतराष्ट्रीय स्तर के हॉट बैलून फ़्लाइंग विशेषज्ञ,हज़ारों करोड़ की संपत्ति,देश के नामी ग्रामी उद्योग पतियों की सूची में नाम,इज़्ज़त-मान-सम्मान क्या नहीं था विजयपत सिंघानिया के पास। विजयपत सिंघानिया ने अपने बेटे गौतम सिंघानिया को लगभग 12000 करोड़ रूपये का व्यवसायिक साम्राज्य सौंप दिया था । रेमंड साम्राज्य पर क़ब्ज़ा होते ही गौतम सिंघानिया ने अपने मां बाप की तरफ़ से आँखें फेर लीं। इतनी बड़ी शख़्सियत के मालिक पिता को उसी के आलिशान घर से बेटे गौतम ने बाहर निकाल दिया। कंपनी के सारे अधिकार पिता के हाथों से छीन लिए।और उन्हें दर दर भटकने के लिये छोड़ दिया। ख़बर है कि अब यह बुज़ुर्ग दंपत्ति किसी किराये के मकान में अपना वक़्त गुज़ार रहा है। इसी तरह पिछले दिनों सहारा ग्रुप के संस्थापक व स्वामी सुब्रत राय 'सहाराश्री' का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। देश के मीडिया में जितनी चर्चा उनके देहांत की हुई उतनी ही चर्चा इस बात की भी रही कि सहारा श्री के अंतिम संस्कार में न तो उनकी पत्नी शामिल हुई न ही उनके दोनों बेटे। बल्कि उनके एक पौत्र हिमांक ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। सहारा श्री की व्यावसायिक अनियमितताये क्या थीं क्या नहीं इससे मेरा सरोकार नहीं परन्तु सहाराश्री के मानवीयता पूर्ण चरित्र का हर एक क़ायल था। 2004 में सहारा श्री ने जब अपने दोनों बेटों सीमांतो और सुशांतो की शादी लखनऊ स्थित सहारा शहर में की थी उस समय 500 करोड़ की यह शादी देश की सबसे मंहगी शादी के रूप में चर्चित हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर सोनिया गांधी, शरद पवार, मुलायम सिंह यादव, अमर सिंह, राजनाथ सिंह, पूर्व पीएम चंद्रशेखर, लालू प्रसाद यादव, प्रमोद महाजन, मायावती, शिबू सोरेन, सुरेश कलमाड़ी जैसे राजनीति के अनेक दिग्गज व फ़िल्म व खेल जगत के तमाम नामी लोग शरीक हुये थे। मेहमानों की अगुआनी स्वयं सुपर स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति अनिल अंबानी जैसे लोग कर रहे थे।

परन्तु इसी शादी का सबसे बड़ा मानवीय पक्ष यह था कि अपने पुत्रों के इसी भव्य विवाह समारोह के साथ ही सहारा इण्डिया परिवार ने समाजोपयोगी कार्यक्रम के तहत एक 'सामूहिक विवाह समारोह' का भव्य आयोजन लखनऊ के इसी सहारा शहर में किया। इसमें समाज के ग़रीब तबक़े की 101 कन्याओं का विवाह कराया गया। एक ही जगह एक साथ हिन्दू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का विवाह उनके धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न कराकर सामाजिक सद्भाव व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की गयी। इस ख़बर ने पूरे देश के लोगों में सहारा श्री के प्रति स्नेह व सम्मान का भाव पैदा किया। और सहारा श्री को सम्मान की नज़रों से देखने वाला वही वर्ग आज इस बात को लेकर चिंतित भी नज़र आया कि जिसने अपने बेटे की शादी में न केवल भव्यता में कीर्तिमान बनाया बल्कि साथ ही 101 ग़रीब जोड़ों की भी शादी कराकर हज़ारों लाखों लोगों के दिलों की दुआयें भी लीं,वही महान व्यक्ति आख़िर किन परिस्थितियों में अपने जीवन के अंतिम समय में अपने उन्हीं बेटों और जीवन संगिनी पत्नी तक को न देख सका ?

शायद समाज में मरती संवेदनाओं की इसी नब्ज़ को पहचानते हुए अब इसे व्यवसायिक रूप देने के भी प्रयास शुरू हो गए हैं। अब कुछ कंपनियां अंतिम संस्कार का व्यवसाय करने जा रही हैं। हमारे देश के मानवीय मूल्यों को शर्मसार करने वाली ऐसी ही एक कंपनी का सदस्यता शुल्क रु. 37500/- है। इन पैसों में पुजारी, नाई, कन्धा देने वाले , साथ चलने वाले , राम के नाम पर सत्य बोलने वाले , सब शामिल होंगे। ऐसी ही एक एक नई स्टार्टअप कंपनी ने 50 लाख रुपये का मुनाफ़ा कमा भी लिया है। संचालकों को उम्मीद है कि भविष्य में उनकी कंपनी 2000 करोड़ रुपये तक के कारोबार तक पहुंच सकती है। क्योंकि कंपनी संचालकों को भी मालूम है कि हमारे देश में किसी के पास रिश्ते निभाने का समय नहीं है। क्योंकि अब रिश्ते भी दम तोड़ रहे हैं और मानवीय संवेदनायें भी मरती जा रही हैं।

## एक नजर

### जिले में 3569 डाक मतपत्र प्राप्त हुए

**उत्तर बस्तर कांकेर,1 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत डाक मतपत्र के माध्यम से दिव्यांग, 80 से अधिक आयु वाले मतदाता, अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा ईटीपीबी द्वारा मतदान किया गया है। इसके नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि अब तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 505 डाक मतपत पत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से 1221 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 1096 इस प्रकार कुल 2822 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इसी तरह दिव्यांग एवं 80 प्लस मतदाताओं द्वारा विधानसभा अंतागढ़ क्षेत्र से 36, भानुप्रतापपुर से 192 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 70 इस प्रकार कुल 298 एवं सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी अंतर्गत विधानसभा अंतागढ़ से 34, भानुप्रतापपुर से 183, कांकेर से 232 सहित कुल 449 डाक मतपत्र प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक कुल 3569 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

### मतगणना स्थल में मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक आइटम रहेगा प्रतिबंधित

**जगदलपुर 1 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों की बैठक लेकर मतगणना स्थल की कानून,सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में मोबाईल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रानिक आइटम पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा मतगणना स्थल में मतगणना करवाने वाले कर्मियों, राजनीतिक अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी के प्रवेश और उनके वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला दण्डाधिकारी रघुवंशी ने घोषित किया कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र

**धमतरी 1 दिसंबर।** शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र 'जोन्स ऑफ साइलेंस' घोषित किया है। इसके तहत धमतरी जिले के सभी शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय (भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन), सभी धार्मिक स्थल (किसी भी धार्मिक स्थान या परिसर में लाऊड स्पीकर का उपयोग, जहां यह परंपरा के रूप में बना हुआ है, को छोड़कर) भौगोलिक सीमा के अंतर्गत 100 मीटर की परिधी को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र 'जोन्स ऑफ साइलेंस' घोषित किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री रघुवंशी ने अधिकृत सक्षम अधिकारी को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराते हुए ध्वनि प्रदूषण (नियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### जेएसएस की छत्तीसगढ़ राज्य काउंसिल कोर ग्रुप का गठन

**रायपुर 1 दिसबंर।** कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) की छत्तीसगढ़ राज्य काउन्सिल कोर ग्रुप का गठन किया गया। इस हेतु रायपुर में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के 14 जेएसएस के निदेशकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम बैठक को सबोधित करते हुए जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक एम सिद्दीकी ने सभी निदेशकों का स्वागत कर राज्य स्तरीय समिति के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि गत माह जेएसएस की एक राष्ट्रीय कोर समिति का गठन नई दिल्ली में किया है और यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए राज्य स्तरीय शाखा रहेगी जो आगे जन शिक्षण संस्थान के उद्देश्यों के प्रगति, विस्तार और लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा इस योजना का लाभ एकरूपता से मिल सके उस पर कार्य करेगी।

# कचरे के ढेर से बुद्ध विहार सीआईएसएफ कॉलोनी का बदबू से बुरा हाल

## नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की सबसे करोड़पति नगर पालिका किरंदुल किसी न किसी विषय को लेकर चर्चा में बनी रहती है। किरंदुल नगर पालिका से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित है नगर के सारे कचरे को ढेर करने का भंडार इसी भंडार के 50 मीटर की दूरी से लगा हुआ नागार्जुन बुद्ध विहार सीआईएसएफ कॉलोनी और पुलिस थाना किरंदुल। यह कचरा का भंडार कॉलोनी के बीच में स्थित होने की वजह से नागार्जुन बुद्ध विहार सीआईएसएफ कॉलोनी और पुलिस थाना परिषद किरंदुल के लोगों का रहना मुश्किल हो चुका है दिन भर तो हल्की बदबू रहती है परंतु शाम होते-होते बदबू इतनी बढ़ जाती है कि यहां खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है और मच्छरों का प्रकोप सांप बिच्छू एवं जहरीले जीव जंतुओं का प्रकोप

इतना बड़ा हुआ है कि लोगों के घरों के अंदर कई बार सांप देखा गया स्थिति इतनी गंभीर है कि सीआईएसएफ के जवान और उनके परिवार पुलिस के जवान आए दिन बीमार पढ़ते रहते हैं पर कुंभकरण नींद में सो रही नगर पालिका का इस और कोई ध्यान नहीं ऐसा लगता है मानो किरंदुल नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सीएमओ को देश के इन वीर जवानों से कोई लेना-देना नहीं वह बीमार पड़े तो पड़े हमको क्या

गंभीर परिस्थिति तब बनती है जब इन कचरे के ढेर में आग लगा दिया जाता है और प्लास्टिक के जलने से जहरीली गैस यहां से उठती है उस वक्त मानो ऐसा लगता है कि यहां जनरीली गैस की वजह से 2 मिनट में ही किसी की भी जान निकल जाएगी या बेहोश हो के गिर जाएगा सवाल यह है कि इसका कुंभकरण नींद से नगरपालिका को जाएगा कौन?

# सड़क किनारे आयुक्त की मौजूदगी में निगम अमला ने ठेला व दुकान हटाए

दुर्ग 1 दिसंबर। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में चलाए जा रहे सड़क किनारे बेदखली अभियान अंतर्गत यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा दुकान के बाहर साइन बोर्ड हटाकर सड़क को बाधा मुक्त किया गया।गुरुवार को नगर निगम की टीम ने गौरवपथ साईं द्वार चौक से महिला समृद्धि बाजार, जेल तिराहों चौक और महाराजा चौक क्षेत्र से बोरसी रोड तक सड़क किनारे फल व सब्जी ठेलों को हटाया। इस दौरान सड़कों के किनारे खड़ी ठेलो और दुकान के बाहर बोर्ड,बैनर पोस्टर को हटवाया गया। साथ ही फुटपाथ व सड़क को भी खाली कराया गया।गुरुवार शाम को नगर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर टीम के साथ गौरवपथ साई द्वार के सामने चौक पहुंचे। यहां चौक पर ही अवैध रूप से

खड़े ठेलों वालों को हटाया और चेतावनी दी। इसी तरह जेल चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। टीम को देख लोगों ने अपने सामान खुद ही हटा लिए। कई लोगों द्वारा सड़क पर लगाए गए टेंट को भी हटा दिया गया।इसके बाद टीम ने महाराजा चौक स्थित चौपाटी क्षेत्र से बोरसी रोड तक अभियान चलाया। यहां फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा किया हुआ था। फल सब्जी वाले स्थायी रूप से फुटपाथ को कब्जा जमाए हुए थे सभी को हटवाकर कर दुबारा न लगाने की समझाइश दी गई।अभियान के दौरान कार्रवाही कर जुर्माना राशि वसूल किया गया।आम जनता के बीच नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान का लोगो मे बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। कार्रवाही के मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़क के दोनों किनारे व्यवसायी कर रहें है वे सर्विस रोड किनारे से अवैध कब्जा या अतिक्रमण कर सड़क बाधा किये है स्वयं से अपना कब्जा हटा लें।अन्यथा की स्थिति में नगर निगम टीम द्वारा जुर्माने एवं सामान जब्ती के साथ बेदखली की कड़ी कार्रवाही की जायेगी।आयुक्त द्वारा मौजूद अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि चौक चौराहों के बिजली पोल में लगे बैनर पोस्टर को निकलकर जब्त करे।साथ सड़क किनारे सर्विस बस खड़ी करने वालो के मालिकों पर जुर्माना की कार्रवाही भी करें।इस दौरान बाजार अधिकारी जावेद अली,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव,राजू बक्शी,मुक्तेश कान्हे,मनीष त्रिपाठी के अलावा निगम टीम मौजूद रही।

# पीरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलोस ने किया स्वास्थ्य जनजागृति कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन लम्बे समय से काम रहा हैं। आज ग्राम बेवरती जिला कांकेर मैं स्वास्थ्य जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया। पीरामल स्वास्थ्य संस्थान के अंतर्गत गांधी फेलोस ने स्कूल के बच्चों और गांव के लोगो विश्व एड्स दिवस के मौके पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा रैली के माध्यम से जनजागरूक किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बेवरती गांव के माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य श्री उमाशंकर सलाम तथा शिक्षक गण बसंत कुंजाम, खोमेंद्र कुमार सार्वा, रेमन कुमार साहू, रूखमणी यादव तथा पदमनी निषाद उपस्थिति रहे। पिरामल स्वास्थ्य प्रोग्राम लीडर अमोल बोरकर के मार्गदर्शक में गांधी फेलोज सागर कुमार , आचल चौधरी , पुष्पेंद्र कुमार साहू तथा विनीत कुमार ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया।

# नोडल अधिकारी ने किया धान खरीदी का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 1 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में 79 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की कार्यवाही की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केंद्रों के सतत निरीक्षण-पर्यवेक्षण किये जाने एवं धान उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था हेतु कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारी के रूप में लगाई है।

नोडल अधिकारी को उन्हें आबंटित धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करते हुये धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। धान खरीदी केंद्र के द्वारा जारी किये जाने वाले टोकन में लघु एवं सीमांत कृषकों के लिये 70रू30 के अनुपात का पालन सुनिश्चित कराना। उपार्जित धान की किस्मवार एवं बारदाने के प्रकार के अनुसार स्टेकिंग कराना, धान

खरीदी केंद्रों में नये एवं पुराने बारदानों का व्यवस्थित रूप से भंडारण कराना। उपार्जित धान की सुरक्षा हेतु कैंप कव्हर से ढककर रखना,धान के तौल हेतु धान खरीदी केंद्रों में हमालो की व्यवस्था। केंद्र की समस्त दस्तावेजों का विधिवत संधारण और निर्धारित गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित कराना है। इसके साथ ही उक्त कार्यवाही को सुनिश्चित कराते हुए साप्ताहिक निरीक्षण प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए है। नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

# जोशीलमती सोसाइटी में ताला लगा कर किसानों ने किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 1 दिसंबर।** विकासखंड छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जोशीलमती सोसाइटी के प्रबंधक की मनमानी को लेकर एक बार फिर क्षेत्र के किसान लामबंद हो गए। करीब छह-सात माह पहले समिति प्रबंधक पर क्षेत्र के किसानों के बीमा कंपनी के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी, किंतु समय गुजरने के बाद उनकी पुनः बहाली को लेकर अब किसान फिर लामबंद हो गए थे। इस मामले को लेकर 11 गांवों के किसानों ने

जोशीलमती सेवा सहकारी समिति में 30 नवंबर को 11 बजे से एक बजे तक तीन घंटे तक सोसाइटी में तालाबंदी कर तीन घंटे तक धान खरीदी बंद कर सोसाइटी के सामने चक्का जाम किया।चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रभारी तहसीलदार आकांक्षा साहू जोशीलमती सोसाइटी पहुंचकर किसानों से चर्चा की तो वहां पर उपस्थित किसानों ने तहसीलदार को बताया कि पूर्व से ही यहां पर प्रबंधक कैलाश गजपल्ला के ऊपर



निलंबन की कार्रवाई हुई थी जो फिर से बहाल होकर वापस जोशीलमती सोसाइटी ज्वाइन करने वाला है। तभी तहसीलदार ने बताया किसानों को कि यहां पर प्रबंधक की ज्वाइनिंग नहीं हुई है, इनके बाद अन्य उपस्थित सहकारिता अधिकारी सीईओ देवेंद्र कुमार मिश्रा और प्राधिकृत अधिकारी एस. एस. पंद्रे ने लिखित आदेश कॉपी किसानों को दिया कि गजपल्ला यहां पर ज्वाइन नहीं करेगा, सभी किसानों के सामने एक लिखित आदेश उपस्थित अधिकारियों के द्वारा दिया गया तभी चक्का जाम समाप्त किया गया।

### आंदोलन में इन गांवों के अन्नदाता हुए शामिल

गैंदाटोला के समीपस्थ ग्राम जोशीलमती सोसायटी में जोशीलमती सहित क्षेत्र के ग्राम गर्रापार, खोराटोला, कोलियारी, कोलिहालमती, पठानढ़ोड़गी, दतरेंगाटोला, हर्राटोला, केसाल, मावलीनचुवा, दैहान आदि गांवों के किसानों ने प्रबंधक के खिलाफ अपनी उपस्थिति देकर प्रबंधक को हटाओ अभियान का मुहिम छेड़ा गया था जो उपस्थित अधिकारियों के लिखित आदेश के बाद समाप्त किया गया।

## समाचार संक्षेप

### विकास के नाम पर वृक्ष काटे गए

**किरंदुल 1 दिसंबर।** एनएमडीसी विकास के नाम पर काट रही सालों साल पुराने पेड़ों को किरंदुल के वार्ड नंबर 11 में 50 से 100 वर्षों पुराने फलदार वृक्ष को किया धराशाही भारत की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी विकास के नाम पर 8 से 10 मंजिला इमारत बन रही है और इस जगह सालों से बड़े-बड़े फलदार वृक्षों जिनकी उम्र 50 से 100 साल के लगभग होगी ऐसे फलदार वृक्षों को धराशाई कर 8 से 10 मंजिलाएं इमारतें बन रही हैं जिसकी वजह से नगर में प्रदूषण और गर्मी का खतरा बढ़ता जा रहा है और इन वृक्षों पर कई बेजुबान पक्षियों का बसेरा बना हुआ था जिसको एनएमडीसी के द्वारा इस तरह पेड़ों को काटने से उनका वह बसेरा पूरी तरह से खत्म हो चुका है जगह पर तो देखा जा सकता है कि कई सारे घोसला और टूटे हुए अंडे गिरे पड़े हैं नगर बसाने के लिए बेजुबान पक्षियों की दी जा रही बाली मोहल्लेवासी घोसला एंड और बच्चों का दे रहे ध्यान।

### खाद्य विभाग की ईमेल आईडी एक्सेस नहीं हो रहा

**महासमुंद 1 दिसम्बर।** कार्यालय, कलेक्टर (खाद्य शाखा),महासमुन्द का ई-मेल आई डी mahasamundcg-food@gmail.com है, जो कार्यालयीन शासकीय पत्र व्यवहार के उपयोग के लिये है किन्तु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विगत 21 नवम्बर, 2023 से इस ई-मेल आईडी/पासवर्ड को हैक कर लिया गया है। कार्यालय द्वारा अनेक बार उक्त ई-मेल आई डी का पासवर्ड परिवर्तित किया गया किन्तु अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रत्येक परिवर्तित पासवर्ड को पुनः परिवर्तित कर दिया गया है। वर्तमान में इस कार्यालय की उक्त ई-मेल आई.डी एक्सेस नहीं हो रही है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि विभिन्न कार्यालयों एवं व्यक्तियों के द्वारा मुझे जानकारी दी जा रही है कि इस कार्यालय कि ई-मेल आई.डी. से उन्हे संदेहास्पद एवं अनर्गल संदेश प्राप्त हो रहे हैं। तत्संबंध में इस कार्यालय से संबंधित सभी विभाग विभाग प्रमुख, प्रतिष्ठान एवं व्यक्तियों के संज्ञान में ला रहा हूँ कि कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा), जिला महासमुन्द की ई-मेल आई.डी mahasamund-cgfood@gmail.com से प्राप्त पत्र एवं संदेश को इस कार्यालय द्वारा प्रेषित नहीं माना जावे तथा इस कार्यालय से संबंधित पत्र व्यवहार उक्त ई-मेल आई.डी. के माध्यम से नहीं किया जावे।

### 2 दिसम्बर को गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन

**महासमुंद 1 दिसम्बर।** लोगों की बेहतर सेहत और जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को और मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में 2 दिसंबर शनिवार को सुबह 7:00 बजे से 8:30 बजे तक किया जायेगा। जिसमें हैंडबॉल, हॉकी, खो खो, कबड्डी, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, बॉल बैडमिंटन, नेटबॉल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, कराते खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां आयोजित किया जाएगा। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने सभी खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से अपील किया है कि आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## दुर्गुकोंदल में सम्मान समारोह आयोजित

# शोक संतप्त परिवार के 15 लोगों ने बूथ में आकर किया मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 1 दिसंबर।** -दुर्गुकोंदल में आयोजित सम्मान समारोह में कमलपुर मतदान केंद्र क्रमांक- 11 के बीएलओ श्री गणेश दास ने अपना अनुभव साझा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि मतदान वाले दिन गांव के एक परिवार में 14 वर्षीय बच्ची की आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिसकी वजह से उनके द्वारा मतदान में सम्मिलित होना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने (बीएलओ ने) शोकाकुल परिवार में जाकर संवेदना व्यक्त की। इससे प्रभावित होकर कि जब मतदान दिवस को अपने व्यस्ततम समय में घर आकर शोक व्यक्त किया, तो क्यों न हम मतदान कर लोकतंत्र के श्रेष्ठ कर्तव्य का निर्वहन करें। यह सोचकर परिवार के सभी 15 सदस्य मतदान केन्द्र पहुंच गए, जिनसे बीएलओ ने प्राथमिकता से वोट कराया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि समीप के

आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोयेगांव के मतदाता मतदान को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे, उन्हें भी अपने व्यक्तिगत प्रयास से वोट कराने में सफल रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला ने बीएलओ की सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया। बता दें कि उक्त मतदान केंद्र कमलपुर में 92.85 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

दुर्गुकोंदल के जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में बीएलओ ने बताया उनके मतदान केंद्र क्रमांक 38 विद्यानगर पखांजूर में कुल 93.25 फीसदी वोट पड़े, जो पूरे अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहा। बीएलओ की जी-तोड़ मेहनत की तारीफ करते हुए कलेक्टर ने बधाई दी। इस दौरान श्री गौतम मण्डल व अन्य बीएलओ ने अपनी बात रखते हुए मांग की कि आदर्श मतदान केन्द्रों की तर्ज पर यदि सभी पोलिंग बूथों को भी मॉडल बूथ के तौर पर विकसित किया जाए तो काफी हद तक मतदान प्रतिशत में निश्चित तौर पर वृद्धि होगी। सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि अंतागढ़ के मेण्ड्रा तथा भानुप्रतापपुर के सराधुघमरे मतदान केंद्र में पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ा, जिसका परिणाम आशातीत रहा है। उन्होंने बताया कि मेण्ड्रा में पिछले चुनाव में सिर्फ 10.14 प्रतिशत ही वोटिंग हुई थी, जबकि इस वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 87 प्रतिशत मतदान हुआ जहां वृद्धि का प्रतिशत 76.86 रहा। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सराधुघमरे में यहां पिछली बार 40.44 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जहां इस बार बढ़कर ऐतिहासिक रूप से 77.02 प्रतिशत वोट पड़े। यानी इस केन्द्र में 36.58 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। उन्होंने यहां के बीएलओ और सुपरवाइजर की सतत् मतदाता जागरूकता गतिविधियों और आयोजनों की सराहना करते हुए बीएलओ श्री आनंदराम जाड़े और यहां के सुपरवाइजर के कार्यों की सराहना की।

## एक नजर

### ओपी चौधरी ने किया प्रदेश में पूर्ण बहुमत का दावा

**रायगढ़, 1 दिसम्बर।** एक्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने राष्ट्रीय चैनल को दी प्रतिक्रिया में कहा भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा प्रदेश की जनता ने मोदी जी के आह्वान पर डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए पूर्ण बहुमत का जनादेश दिया है। ओपी चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल पर ओपी ने कहा वे पार्टी के छोटे कार्यकर्ता है।भाजपा में पद महत्वपूर्ण नही बल्कि दायित्व महत्वपूर्ण होता है।भाजपा के वरिष्ठ नेताओं रमन सिंह अरुण साव बृजमोहन अग्रवाल अजय चंद्राकर के नामों का जिक्र करते हुए ओपी पूर्ण बहुमत की सरकार के लिए आश्वत नजर आए। जैसे क्रिकेट के अंतिम बाल में परिणाम बदलने की संभावना रहती है वैसे ही भाजपा हर चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ती है। और अंतिम समय में भी चमत्कारिक परिणाम के लिए कांग्रेस तैयार रहे। 14 सीटो में सिमटी भाजपा को पूर्ण बहुमत के लिए तीन गुना 45 का आंकड़ा पार करना कैसे संभव है ओपी में कहा भाजपा ने 2003 के दौरान तमाम पूर्वा नुमानो को धत्ता बताते हुए कांग्रेस की जोगी सरकार को सत्ता से बाहर करते हुए हैट्रिक बनाई। कांग्रेस के झूठे वादों में आकर जनता में भूपेश सरकार को एक मौका दिया अब वे पच्चीस सालो तक सत्ता से बाहर रखेंगे। प्रदेश में हुए भारी मतदान को ओपी ने भूपेश सरकार के बिदाई का संकेत बताया। घोषणा पत्र को लेकर भाजपा की मोदी सरकार के दावे के सामने भूपेश सरकार का भरोसे दम तोडते नजर आया।सरकारी कर्मचारी वादाखिलाफी से परेशान थे। वही भूपेश सरकार द्वारा घर पहुंच शराब सेवा से महिलाए परेशान थी।पीएससी भर्ती में घोटाले से युवा परेशान थे। छत्तीशगड़िया की बात कहने वाले भूपेश सरकार ने बाहर के लोगो को राज्यसभा सांसद बनाकर छत्तीसगढ़ वासियों का अपमान किया है। सरकार में माफ्या गिरी से परेशान जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने भाजपा के पक्ष में जनादेश दिया है।

### प्रदेश में बह रही सत्ता परिवर्तन की बयार:रूपकुंमारी

**महासमुन्द, 1 दिसंबर।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी ने प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चलने की वजह से स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया है । जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी ने ने प्रथम चरण में हुए 7 नवम्बर को मतदान से ही भाजपा के पक्ष में जनमत की लहर दिखनी प्रारंभ हो चुकी थी जिसका प्रभाव आखरी चरण में 17 नवम्बर में हुए मतदान तक प्रभावी रूप से जनता जनार्दन की राय से देखा गया । जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने पिछले 5 वर्ष में कांग्रेस की भुपेश बघेल सरकार की वादाखिलाफी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई वर्ग बचा नही जिसे भुपेश बघेल ने ठगा नही ,भुपेश भघेल की सरकार में प्रदेश की जनता के हक की जल, जंगल,और जमीन सहित अमूल्य खनिज संपदा की जमकर लूट खसोट ,रेत और भूमाफिया से सांठगांठ कर अवैध शराब बिक्री की काली कमाई से कांग्रेसी नेताओं की नेताओ ने भ्रष्टराचार का काला अध्याय लिखा है । रूपकुंमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये के चलते छत्तीसगढ़ की जनता ने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,और रसोइया संघ ,रेडी टू इट कार्य कार्य से जुड़ी महिलाएं,और अधिकारी कर्मचारी वर्ग ने अपने हक अधिकारकी लड़ाई भाजपा के संग मिलकर लड़ी है । भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमो में आम जनता जनार्दन की उमड़ी भीड़ ने स्पष्ट प्रमाणित किया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है है और 5 वर्ष पूर्व में अपने घोषणा पत्र में उल्लेख किए गए कांग्रेस के वादों से मुकरने का नतीजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना होगा । भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि विशेषकर किसानों सहित महिला वर्ग ,युवा वर्ग सहित आमजनता ने सत्ता परिवर्तन के वोट किया है और हम स्पष्ट रूप से 55 से 60 सीटो पर जीत हासिल कर बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने जा रहे है ।

### पोस्टल बैलेट गणना और माइको आब्जर्वर को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना प्रक्रिया के संबंध में पोस्टल बैलेट गणना के लिए एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को वन विद्यालय प्रशिक्षण केंद्र के सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में मतगणना कार्य के लिए 100 माइक्रो आब्जर्वर एवं 80 पोस्टल बैलेट गणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का यह दूसरा दिन था। पहले चरण में गणना सहायक, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। द्वितीय दिवस भी प्रशिक्षण कार्य हुआ।

# आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि से कोई सहयोग नहीं मिला

- हौसलों के भरोसे पैरों से लिखकर की अर्थशास्त्र में एमए तक की पढ़ाई
- तेरा दर्द न जाना कोय , दोनों हाथों से विकलांग गोविंद रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम/फिंगेश्वर, 1 दिसंबर।** कहते हैं किस्मत हाथों के लकीरों में होती हैं, लेकिन जिनके हाथ ही नही होते उनकी भी किस्मत होती हैं। ऐसा ही एक मामला ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम कुंडेल का हैं। जहां मनबोध बघेल के पुत्र गोविंद बघेल का जन्म से ही दोनों हाथ विकसित नही हो पाया लेकिन पढ़ाई के क्षेत्र में अपने हौसले के दम पर गोविंद ने अर्थशास्त्र में एमए की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं लेकिन किस्मत का खेल तो देखो इतनी पढ़ाई करने के बाद भी वे रोजगार की तलाश में दर दर भटक रहे हैं। लेकिन शासन प्रशासन की अनदेखी के वजह से गोविंद को कोई रोजगार नही मिल रहा हैं। दोनों हाथ से विहीन गोविंद विधायक-सांसद व जिला प्रशासन में रोजगार के लिए आवेदन लगा चुके लेकिन दोनों हाथ नहीं होने के कारण उन्हें रोजगार देने में साफ मना कर दिया गया मतलब जितना जुल्म भगवान ने गोविंद के साथ किया, उससे ज्यादा जुल्म तो शासन-प्रशासन कर रही हैं गोविंद का कहना है कि वे ज्यादा मेहनत तो नही पाएगा, लेकिन वे कोई भी विभाग में लिखा पढ़ी का काम बखूबी कर सकता हैं। उनका यह भी कहना है कि जिनके एक हाथ, एक पैर या दोनों पैर नही होते उन्हें प्रशासन विकलांगता के आरक्षण में जॉब दिला देते हैं। लेकिन जिनके दोनों हाथ न हो उसके लिए प्रशासन द्वारा कोई अलग से आरक्षण की श्रेणी नही बनाया गया हैं। जिसके कारण उन्हें रोजगार नही मिल रहा हैं।

ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कुंडेल निवासी मनबोध बघेल के 4 बेटा व 1 बेटी में से तीसरे नंबर के बेटा गोविंद का जन्म 9 सितंबर 1997 को हुआ। जन्म के बाद दोनों हाथ विकसित नही हो पाया। जिससे उनके परिवार वाले काफी चिंतित रहते थे। वह अपने पैरों को ताकत बनाकर रोजमर्रा के कार्य के साथ साथ लिखने का भी अभ्यास शुरू किया। उनके हौसले को देखकर परिवार वालो ने ग्राम कुंडेल के प्राथमिक शाला में भर्ती कराया जिसके बाद से वे बिना रुकावट के एमए तक की पढ़ाई पूरी कर चुका हैं। वे पोस्ट ऑफिस विभाग में आवेदन लगाया था लेकिन दोनों हाथों से विकलांग व्यक्ति के लिए आरक्षण नही होने के कारण उन्हें इस विभाग में रोजगार नही मिल पाया। अगर गोविंद को रोजगार का साधन नही मिलता हैं तो उसे भविष्य में जीविकोपार्जन में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ सकता हैं।

सरकारी सुविधा के नाम पर समाज कल्याण विभाग से मात्र 500 रुपये नाकाफी- गोविंद बघेल का जन्म से ही दोनों हाथ विकसित नही हो पाया। वह अपने ताकत के बूते एमए तक कि पढ़ाई पूरी कर चुका हैं। विकलांग होने के कारण उसे समाज कल्याण विभाग से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तौर पर प्रति माह 500 रुपये तो मिलता हैं। लेकिन यह राशि बढ़ते उम्र के साथ नाकाफी हैं। इसलिए वह वर्तमान में रोजगार तलाशने में जुट हुआ हैं। लेकिन कोई भी जगह उसे रोजगार नही मिल रहा हैं। वहीं, विभाग द्वारा गोविंद को कृत्रिम हाथ लगवाने की भी सलाह दिया गया लेकिन उन्होंने कृत्रिम हाथों से दैनिक दिनचर्या प्रभावित होने की आशंका के कारण कृत्रिम हाथ लगवाने से मना कर दिया।

जिला प्रशासन सहित विधायक-सांसद तक गए लेकिन नही मिला रोजगार- दोनों हाथों से विकलांग गोविंद बघेल ने बताया कि वह रोजगार के लिए स्थानीय विधायक-सांसद सहित कलेक्टर दफ्तर में आवेदन लगाया। जहां विधायक-सांसद ने तो सिर्फ आश्वासन देकर अपनी काम पूरी किया तो वहीं, पिछले अक्टूबर माह में जिला कलेक्टर के समक्ष रोजगार के लिए आवेदन लगाया। जिला कलेक्टर द्वारा साफ मना कर दिया कि आपको रोजगार नही दिला सकते। जबकि गोविंद सुपरवाइजर सहित लिखा पढ़ी की काम कर लेने की बात कह रहा हैं।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज तैराकी के लिए गरियाबंद के तीन शिक्षकों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 1 दिसंबर।** प्रतिवर्ष शासकीय कर्मचारियों का विविध खेलों का राज्य स्तरीय आयोजन कर राष्ट्रीय खेलो के लिए चयन किये जाते है.इसी तारतम्य में 30 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल नालंदा परिसर रायपुर में राज्य स्तर पर स्वीमिंग ट्रायल प्रतियोगिता रखे गए थे. वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक टी. एन. रेड्डी के देखरेख में इस ट्रायल प्रतियोगिता में करीब 25 से 30 खिलाड़ी भाग लिए थे। जिसमें गरियाबंद जिले से तीन शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज तैराकी के लिए हुआ है। जिनमे हरिश्चंद्र निषाद व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा का 100 मीटर बैक स्टाइल और 200 मीटर फ्री स्टाइल में, जागेश्वर ध्रुव शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला पत्तियां का 400 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी में, कैलाश साहू व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा का चयन 800 मीटर फ्री स्टाइल में हुआ है ।उक्त खेल का राष्ट्रीय आयोजन 15 से 17 दिसम्बर तक दिल्ली में होना है.शिक्षकों की इन उपलब्धियां पर कौंदकेरा के प्राचार्य एम.आर.रात्रे, फूलकर्रा के प्राचार्य गौतम बिझेकर एवं माध्यमिक शाला पंक्तियों के प्रधान पाठक गिरवर लाल ध्रुव एवं समस्त स्टाफ गरियाबंद,पी टी आई शिक्षक गण एवं मीडिया प्रभारी पूरन लाल

## 16 स्काउट गाइड ने वृंदावन मथुरा में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में सेवा कार्य किया

**राजिम,1 दिसंबर।** भारत स्काउट्स एवम् गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त एवम् राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार,जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवम् जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में डी ओ सी आशीष कुमार,सीमा साहू के नेतृत्व में वृन्दावन मथुरा में दिनांक 19 नवंबर से 01,दिसम्बर तक 108 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे सेवा कार्य हेतु जिले के 16 स्काउट गाइड एवं दो प्रभारी शिक्षक भाग ले रहे हैं इस दौरान गरियाबंद जिले से सभी रोवर रेंजर वृंदावन धाम,बांके बिहारी मंदिर,वृंदावन,निधिवन,प्रेम मंदिर रंगनाथ मंदिर यमुना नदी घाट, बरसाने,गोवर्धन परिक्रमा भगवान कृष्ण के लीला स्थलों का दर्शन लाभ प्राप्त किया। उक्त सेवा कार्य में भाग लेने वाले रोवर रेंजर श्रेयांश शर्मा तुषार वैष्णव पुष्कर साहू जितेंद्र यादव शैलेंद्र ,रोशन लाल यादव पंकज तिनेश्वरी ओम कुमारी भूमिका धात्री ,साहू हेमलता प्रिया साहू करीना मेश्राम खुशी धीवर देवनंदनी साहू एवं प्रभारी शिक्षक गोविंद किशोर सिन्हा गीतांजलि सिन्हा के साथ भाग लिया. उक्त सेवा कार्य में भाग लेने के पश्चात दिनांक 2 दिसम्बर को वापस आएंगे।उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# रिटर्निंग ऑफिसरों ने ली अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक

रायगढ़, 1 दिसम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में चारों विधान सभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर्स ने पृथक-पृथक बैठक लेकर अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को आगामी 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर्स श्री रोहित सिंह, श्री गगन शर्मा, श्री डिगेश पटेल एवं सुश्री अक्षा गुप्ता ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतगणना के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। डाक मतपत्रों की गणना के संबंध में जानकारी दी गयी कि मतपत्र कब विधिमान्य एवं कब अविधिमान्य होगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य केआईटी कालेज गढ़उमरिया, रायगढ़ में प्रातः 8 बजे से शुरू होगा। प्रातः 08 बजे सर्व प्रथम डाक मतपत्रों की गणना प्रारंभ की जाएगी, 30 मिनट पश्चात प्रातः 08.30 बजे से कंट्रोल यूनिट से मतगणना प्रारंभ होगी। अभ्यर्थियों-मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना के एक घंटे पहले मतगणना हॉल में उपस्थित होना होगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी पहचान पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड के बाद सारणीकरण परिणाम की घोषणा की जाएगी और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को इसकी प्रति भी दी जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि मतगणना का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में कंट्रोल यूनिट से गणना 14 टेबल में होगी, पोस्टल बैलट गणना हेतु रायगढ़ विधानसभा में 03 टेबल होंगें, अन्य तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 2-2 टेबल होंगें। अभ्यर्थी/उनके निर्वाचन अभिकर्ता के बैठने हेतु टेबल आरओ के टेबल के पास निर्धारित रहेगा। अभ्यर्थी/उनके निर्वाचन अभिकर्ता की अनुपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर टेबल हेतु भी 01 मतगणना एजेंट नियुक्त किया जा सकता है किंतु रिटर्निंग ऑफिसर टेबल पर एक समय में अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता में से कोई एक ही उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता या मतगणना एजेंट अपने निर्धारित टेबल पर ही उपस्थित रह सकते हैं, किसी अन्य टेबल पर आना-जाना वर्जित रहेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि मतगणना के दौरान मतगणना एजेंट नियुक्त किए जाने के लिए कौन व्यक्ति अपात्र हैं।

बैठक में धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक अभिकर्ताओं में श्री जोगेन्द्र एक्का, श्री सत्यप्रकाश, श्री ईश्वर प्रसाद, श्री गगनदीप सिंह कोमल, खरसिया विधानसभा क्षेत्र से श्री विद्याधर पटेल, श्री जयप्रकाश पटेल, श्री प्रवीण विजय जायसवाल, श्री यशवंत निषाद, श्री परिमल यादव, श्री गोवर्धन राठिया, श्री कैलाश पटेल एवं श्री राम कृष्ण सिंह, लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र से श्री आलोक गोयल, श्री आलोक स्वर्णकार एवं श्री गणेश मरावी, रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से श्री भवानी सिंह सिदार, श्री इबरार अहमद, श्री चिनमय सरकार, श्री मनीष पाण्डेय, श्री अभिनव भारद्वाज, श्री मुकेश जैन, श्री प्रवीण द्विवेदी, श्री सुरेन्द्र सिदार, कांति साहू एवं श्री नारायण दास उपस्थित थे।

### मतगणना स्थल में इलेक्ट्रानिक डिवाइस एवं मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित

3 दिसम्बर को मतगणना स्थल पर पहुंचने वाले सभी संबंधितों के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए है। जिसमें मतगणना स्थल पर अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है, अधिकृत व्यक्तियों को मतगणना परिसर/हॉल में प्रवेश के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में पास जारी किये गए हैं, प्रवेश हेतु उक्त पहचान पत्र प्रदर्शित करना आवश्यक है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा तलाशी के पश्चात ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही मतगणना केन्द्र पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रानिक डिवाईस पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार का गुटखा, पाऊच इत्यादि मादक पदार्थ भी वर्जित रहेगा।

## समाचार संक्षेप

### शा. शहीद वेंकट राव महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने बस्तर यूनिवर्सिटी टॉप -10 मेरिट सूची में जगह बनाई

**बीजापुर,1 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर यूनिवर्सिटी के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों में से एक शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय बीजापुर के छात्र - छात्राओं ने एमएससी वनस्पति विज्ञान में बस्तर यूनिवर्सिटी के टाप टेन मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।बस्तर यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान टाप -10 मेरिट सूची में शा. शहीद वेंकटराव महाविद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं ने अपने मेहनत और लगन से ये मुक़ाम हासिल किया है।बस्तर यूनिवर्सिटी टाप -10 की मेरिट सूची में दूसरे स्थान पर शारोन कुलदीप चौथे स्थान पर सकचेंद राणा छठे स्थान पर चंद्रा कुमार आंठवे स्थान पर लोकश्वर राणा नौवें स्थान पर तरुण फुलमाद्रि और दसवे स्थान पर चंचल पटेल आये है। बुधवार को महाविद्यालय परिसर में एक सादे समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सम्मान कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य प्रो. नारायण झाड़ी , वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रमोद कुर्रे ,सहायक प्राध्यापक शौक़ीलाल चौहान , ललित ठाकुर , सोमनाथ बंदोघोटी ,बीना करपाल,गुलेश्वर मरकाम,केजी किरण,आफ़रीद ख़ान ,गणेश निषाद ,मोहित कुमार जोशी एवं समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएँ मौजूद थे। प्राचार्य प्रो. नारायण झाड़ी ने छात्रा छात्राओं को बधाई दिया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार कुर्रे,वनस्पति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक गुलेश्वर मरकाम एवं आफ़रीद ख़ान को भी बधाई दी और कहा की आप लोग के मेहनत से बच्चे मेरिट सूची में आ पाये है। ये बीजापुर महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक ने भी छात्र छात्राओं को बधाई दी। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया ताकि वे भी इसी तरह मेहनत करे, और महाविद्यालय का नाम ऐसे ही रोशन करें।

### धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया

**बीजापुर,1 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा .ए.के. दीक्षित के मार्गदर्शन तथा सहायक प्राध्यापक यू. के.साहू के निर्देशन में 28 तारीख को धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की स्थापना, सरकार द्वारा किया गया पहल और छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के विस्तृत आयाम पर चर्चा की गई । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गोकुल राम निषाद के माध्यम से छत्तीसगढ़ी बोली और उनके मिठास की प्रस्तुति, गीत के माध्यम से दी गई जो पूरे वातावरण को मधुर कर दिया, साथ ही उनके द्वारा भाषा के सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक यू. के. साहू कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.) द्वारा किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज स्टाफ महेश कुमार नाग (सहायक प्राध्यापक), देवव्रत घोष, देश कुमार नाग, युवराज देवांगन, दिनेश कुमार पटेल, भागेश्वरी सिंह,धारिणी साहू, खोरिन मरकाम एवं महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सम्पन्न किये।

### मतगणना के लिए तैयारी हुई पूरी

**बीजापुर,1 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर हेतु मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को सांस्कृतिक भवन बीजापुर में किया जावेगा। इस हेतु सम्पूर्ण तैयारी की जा चुकी है, मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं अन्य सभी टीमों का गठन किया जा चुका है। विधानसभा निर्वाचन हेतु सेवा निर्वाचक के ~~श्रेणी~~ डाक मतपत्र पोस्ट आफिस के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। 03 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे तक प्राप्त सभी सेवा निर्वाचक ~~श्रेणी~~ डाक मतपत्र को मतगणना में सम्मिलित किया जावेगा। 8 बजे के बाद प्राप्त होने वाले डाक मतपत्र मतगणना में सम्मिलित नहीं होंगे। सभी प्रकार के डाक मतपत्र जिला कोषालय में पर्याप्त सुरक्षा में रखा गया है। उक्त डाक मतपत्रों को मतगणना हेतु प्रातः 6 बजे मतगणना स्थल ले जावेगा। 30 नवम्बर 2023 तक प्राप्त डाक मतपत्र/पोस्टल बैलेट/ ETPBS डाक मतपत्र की संख्या अर्न्तगत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 638, डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 153, विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक के डाकमत पत्र 28, इस तरह आज पर्यन्त तक संचित कुल प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्याओं का कुल योग 819 है।

### सीनियर छात्र की पिटाई से हास्टल से भागे दो छात्र

**बीजापुर,1 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** जिला मुख्यालय में संचालित मिशन हास्टल से दो छात्र प्रियांश एक्का और अग्रसेन एक्का सीनियर छात्र के मारने पीटने से भाग खड़े हुए है । मिली जानकारी अनुसार दोनों छात्र बीजापुर नया बस स्टैंड से बस में बैठ कर दंतेवाड़ा अपने परिजन के पास पहुंचे है । परिजनों ने इस तरह की घटना की सूचना मीडिया के माध्यम से प्रशासन को दी। प्रशासन को जानकारी मिलते ही मामले की जांच की जा रही है। दोनों छात्र मिशन हास्टल में रहकर प्राथमिक शाला बांडागुड़ा बीजापुर में पढ़ाई करते है। इन दोनों बच्चों के परिजन ने बताया कि जिस मिशन हास्टल में बच्चे रहते है, वहां पर दसवीं का सीनियर छात्र बच्चों को बांधकर बेल्ट से मारता है। इस कारण बच्चे डर से बिना बताये भाग गये। बच्चों को धमकाना, उल्टी-सीधी बात करने से हास्टल के बच्चों में दहशत बना हुआ? है। दोनों छात्र को दंतेवाड़ा से लाने के लिए परिजन रवाना हुए है। बच्चों कि देखरेख कि जिम्मेदारी हास्टल वार्डन की होती है, लेकिन इस तरह की घटना से जिम्मेदारों की लापरवाही कही जा सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया की हमने एक टीम एपीओ के नेतृत्व में मिशन हास्टल जांच के लिए भेजा है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच दल में एपीओ एमव्ही राव, बीईओ देवांगन,सीएसी शामिल है। मामला सामने आने के बाद मिशन हास्टल प्रबंधन द्वारा पालकों की मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में बाल संरक्षण अधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### जेबी स्कूल में तीन दिवसीय विज्ञान, कला एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

# कला और विज्ञान में प्रतिभाशाली बच्चों ने दिखाए अपने हुनर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 1 दिसबर।** युवा शिक्षार्थियों के लिए, विज्ञान उनकी रोजमर्रा की दुनिया का एक विस्तार मात्र ही नहीं है। हमें छोटे बच्चों को खेल के माध्यम से आश्चर्य करना, खोज करना और अन्वेषण करना सिखाने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वे इसे स्वाभाविक रूप से करते हैं। जेबी स्कूल में तीन दिवसीय विज्ञान, कला एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों के नन्हे कदमों को विज्ञान, कला और अच्छी सेहत की एक दिलचस्प अद्भुत दुनिया की ओर बढ़ते देखा गया। यह प्रदर्शनी पंचतत्वों वायु, अग्नि, पृथ्वी, जल और आकाश पर आधारित थी जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। समाज सेवी ङ्क राम गिडलानी, राम पंजवानी, अनील अग्रवाल, ओम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सरिता चंदानी, मीरा अग्रवाल, नोडल प्राचार्य आर.के चंदानी, डॉ भोजराज मोहनानी, ष्टस्क्षष्टर इंजीनियर गजेन्द्र भारद्वाज, तिल्दा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा, जे बी सोसाइटी के चेयरमैन उमेश अग्रवाल, श्रीकांत अग्रवाल, प्राचार्या ममता ऐरी, प्रमोदा परीदा ने दीप प्रज्वलन कर पालकों के साथ भव्य वार्षिक तकनीकी उत्सव का उद्घाटन किया।

अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कक्षा ढ्ढ से ङ्गढ्ढढ्ढ तक के लगभग सभी छात्रों ने विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कला, शिल्प और आयुर्वेद के विभिन्न विषयों पर आधारित अपने अभिनव परियोजनाओं और मॉडलों का शानदार प्रदर्शन किया। हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी प्लांट, फ़ायर फ़ाइटिंग रोबोट, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम, हीमोडायलिसिस सिस्टम, फ्लड प्रिवेंशन सिस्टम, लाइन फेलोइंग रोबोट, डिवाइस सिक्युरा, फ़िंगरप्रिंट लॉक सिस्टम, स्मार्ट व्हील चेयर, जेब्रा क्रॉसिंग, रेन डिटेक्टर सिस्टम, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम आदि 100 से अधिक एडवांस्ड विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए। : छात्रों के न केवल किताबी विद्या अपितु विभिन्न कलाओं को एकत्रित कर अपशिष्ट पदार्थ एवं घरेलू वस्तुओं का प्रयोग करके अपनी हस्त कलाओं का भी प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आकर्षक झांकी एवं कृषि का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र था। छत्तीसगढ़ के व्यंजन, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, छत्तीसगढ़ मानचित्र, पारंपरिक त्योहारो, गोबर मिट्टी से बनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। छोटे बच्चों ने कलात्मक पेंसिल, सजावटी सामान, स्प्रिंकल आर्ट, सब्जियों से बनी विविध कला का प्रदर्शन किया। प्री प्राइमरी रिसोर्स सेंटर सभी आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र था जिसमें 50 से ज्यादा शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में अक्षर एवं गणित के साथ व्यवहारिक ज्ञान दिया जाता है। करके सीखो माध्यम से बच्चा जल्दी सीखने में रुचि लेता है और इस ज्ञान को जीवन पर्यंत याद रखता है। सभी पालक एवं अतिथियों ने छात्रों के अथक प्रयास और प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

**आयुर्वेद प्रदर्शनी:** क्योंकि हम अपने आंतरिक शरीर को साफ़ नहीं कर सकते.. हमें अपने ऊतकों, अंगों और दिमाग को साफ़ करने में मदद करने के लिए कुछ कौशल सीखने की ज़रूरत है.. यही आयुर्वेद की कला है। आयुर्वेद सिर्फ लक्षणों का नहीं, बल्कि मूल समस्या का भी इलाज करता है। आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं है। इसका दायरा व्यापक है और इसमें सार्वजनिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के विभिन्न पहलू भी शामिल हैं।

आयुर्वेद एक समग्र परंपरा और जीवन जीने का तरीका है जो हममें से प्रत्येक को कल्याण के लिए अपनी क्षमता का जश्न मनाने में मदद कर सकता है। इस विचार को ध्यान में रखते हुए जे. बी. इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ आयुर्वेद उत्सव मनाया। छात्रों ने आयुर्वेद पर आधारित विभिन्न जड़ी-बूटियों, उत्पादों और व्यंजनों का प्रदर्शन किया। विभिन्न फलों की जैम, जेली, कैंडी, पान, मुखवास, मल्टीग्रेन केक, मिठाइयां, शरबत, अगर बत्तियां, सौंदर्य उत्पाद, तेल, प्राकृतिक कीटनाशक, हर्बल चाय एवं पेय आदि आकर्षण के केंद्र रहे। साथ ही कक्षा 1 से 3 तक में छोटे बच्चों द्वारा आयुर्वेदिक ओषधियों की का भी प्रदर्शन किया गया। जिन्हें देखकर अतिथियों एवं पालकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा उनका उत्साह वर्धन किया : छात्रों को रचनात्मकता के साथ शिक्षा से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को अपने राज्य, अपनी परंपरा,मिट्टी, कृषि से जोड़ा गया जो आज के आधुनिक मोबाइल समय की जरूरत है। सभी अभिभावकों ने स्क्रीन टाइम की जगह ग्रीन टाइम को महत्व देते हुए ऐसी अकल्पनीय प्रदर्शनी का आयोजन करने के लिए जे बी स्कूल की सराहना की। बच्चों को विज्ञान, कला और आयुर्वेद के माध्यम से उनको सेहत के प्रति जागरूक रखने की अनूठी एवं आवश्यक पहल की गई है। युवा शिक्षार्थियों के लिए, विज्ञान उनकी रोजमर्रा की दुनिया का एक विस्तार मात्र ही नहीं है। हमें छोटे बच्चों को खेल के माध्यम से आश्चर्य करना, खोज करना और अन्वेषण करना सिखाने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वे इसे स्वाभाविक रूप से करते हैं।

जे बी स्कूल में तीन दिवसीय विज्ञान, कला एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों के नन्हे कदमों को विज्ञान, कला और अच्छी सेहत की एक दिलचस्प अद्भुत दुनिया की ओर बढ़ते देखा गया। यह प्रदर्शनी पंचतत्वों वायु, अग्नि, पृथ्वी, जल और आकाश पर आधारित थी जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। समाज सेवी ङ्क राम गिडलानी, राम पंजवानी, अनील अग्रवाल, ओम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सरिता चंदानी, मीरा अग्रवाल, नोडल प्राचार्य आर.के चंदानी, डॉ भोजराज मोहनानी, इंजीनियर गजेन्द्र भारद्वाज, तिल्दा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा, जे बी सोसाइटी के चेयरमैन उमेश अग्रवाल, श्रीकांत अग्रवाल, प्राचार्या ममता ऐरी, प्रमोदा परीदा ने दीप प्रज्वलन कर पालकों के साथ भव्य वार्षिक तकनीकी उत्सव का उद्घाटन किया।

अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कक्षा I से XII तक के लगभग सभी छात्रों ने विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कला, शिल्प और आयुर्वेद के विभिन्न विषयों पर आधारित अपने अभिनव परियोजनाओं और मॉडलों का शानदार प्रदर्शन किया। हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी प्लांट, फ़ायर फ़ाइटिंग रोबोट, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम, हीमोडायलिसिस सिस्टम, फ्लड प्रिवेंशन सिस्टम, लाइन फेलोइंग रोबोट, डिवाइस सिक्युरा, फ़िंगरप्रिंट लॉक सिस्टम, स्मार्ट व्हील चेयर, जेब्रा क्रॉसिंग, रेन डिटेक्टर सिस्टम, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम आदि 100 से अधिक एडवांस्ड विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए छात्रों के न केवल किताबी विद्या अपितु विभिन्न कलाओं को एकत्रित कर अपशिष्ट पदार्थ एवं घरेलू वस्तुओं का प्रयोग करके अपनी हस्त कलाओं का भी प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आकर्षक झांकी एवं कृषि का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र था। छत्तीसगढ़ के व्यंजन, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, छत्तीसगढ़ मानचित्र, पारंपरिक त्योहारो, गोबर मिट्टी से बनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। छोटे बच्चों ने कलात्मक पेंसिल, सजावटी सामान, स्प्रिंकल आर्ट, सब्जियों से बनी विविध कला का प्रदर्शन किया।

प्री प्राइमरी रिसोर्स सेंटर सभी आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र था जिसमें 50 से ज्यादा शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में अक्षर एवं गणित के साथ व्यवहारिक ज्ञान दिया जाता है। करके सीखो माध्यम से बच्चा जल्दी सीखने में रुचि लेता है और इस ज्ञान को जीवन पर्यंत याद रखता है। सभी पालक एवं अतिथियों ने छात्रों के अथक प्रयास और प्रदर्शनी की प्रशंसा की। क्योंकि हम अपने आंतरिक शरीर को साफ़ नहीं कर सकते.. हमें अपने ऊतकों, अंगों और दिमाग को साफ़ करने में मदद करने के लिए कुछ कौशल सीखने की ज़रूरत है.. यही आयुर्वेद की कला है। आयुर्वेद सिर्फ लक्षणों का नहीं, बल्कि मूल समस्या का भी इलाज करता है।

आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं है। इसका दायरा व्यापक है और इसमें सार्वजनिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के विभिन्न पहलू भी शामिल हैं। आयुर्वेद एक समग्र परंपरा और जीवन जीने का तरीका है जो हममें से प्रत्येक को कल्याण के लिए अपनी क्षमता का जश्न मनाने में मदद कर सकता है। इस विचार को ध्यान में रखते हुए जे. बी. इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ आयुर्वेद उत्सव मनाया। छात्रों ने आयुर्वेद पर आधारित विभिन्न जड़ी-बूटियों, उत्पादों और व्यंजनों का प्रदर्शन किया। विभिन्न फलों की जैम, जेली, कैंडी, पान, मुखवास, मल्टीग्रेन केक, मिठाइयां, शरबत, अगर बत्तियां, सौंदर्य उत्पाद, तेल, प्राकृतिक कीटनाशक, हर्बल चाय एवं पेय आदि आकर्षण के केंद्र रहे। साथ ही कक्षा 1 से 3 तक में छोटे बच्चों द्वारा आयुर्वेदिक ओषधियों की का भी प्रदर्शन किया गया। जिन्हें देखकर अतिथियों एवं पालकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा उनका उत्साह वर्धन किया। : छात्रों को रचनात्मकता के साथ शिक्षा से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को अपने राज्य, अपनी परंपरा,मिट्टी, कृषि से जोड़ा गया जो आज के आधुनिक मोबाइल समय की जरूरत है। सभी अभिभावकों ने स्क्रीन टाइम की जगह ग्रीन टाइम को महत्व देते हुए ऐसी अकल्पनीय प्रदर्शनी का आयोजन करने के लिए जे बी स्कूल की सराहना की। बच्चों को विज्ञान, कला और आयुर्वेद के माध्यम से उनको सेहत के प्रति जागरूक रखने की अनूठी एवं आवश्यक पहल की गई है।

## एक नजर

### विद्यासागर का तिल्दा-नेवरा में स्वागत

**तिल्दा-नेवरा, 1 दिसम्बर।** तिल्दा-नेवरा में आचार्य विद्यासागर महाराज का मंगल प्रवेश 30 नवंबर दिन गुरुवार को शाम 4:00 बजे नेवरा तिल्दा में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस पंचम काल के चलते फ्रिते तीर्थंकर स्वरूप, आचार्य विद्यासागर महाराज का मंगल विहार चंद्रगृह तीर्थ डोंगरगढ़ से नेवरा की ओर चल रहा है, 29 नवंबर का रात्रि विश्राम लांजा सिमगा स्कूल में हो रहा है । वहां से प्रातः 7:00 बजे मंगल विहार बिलारी ग्राम नेवरा तिल्दा में हुआ। बिलारी से 2:30 बजे मंगल विहार प्रारंभ होगा, मंगल विहार रेलवे ब्रिज से सिंधी कॉलोनी होते हुए नेवरा नगर में प्रवेश करेगा। शाम 4:00 बजे नेवरा दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य के आवागमन पर जोरदार स्वागत किया गया। समस्त भारतवर्ष एवं छत्तीसगढ़ की जैन समाज से निवेदन है कि आप सब अगवानी में आकर के धर्म लाभ लेवे और आचार्य भगवान का मंगल आशीर्वाद प्राप्त करें।

### तीनों विस क्षेत्र के लिए गणना प्रेक्षक तय

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसम्बर 2023 को होने वाले मतगणना हेतु विधानसभावार गणना प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 44 कसडोल के लिए आईएएस डॉ राजेन्द्र भारुड, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 45 बलौदाबाजार के लिए आईएएस डॉ अनीश शेखर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 46 भाटापारा के लिए एससीएस सुमित कुमार को गणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया गया है। गणना प्रेक्षकों की देख- रेख में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र का मतगणना कार्य 3 दिसंम्बर 2023 को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर बलौदाबाजार में सम्पन्न होगा।

# शादी का झांसा देकर भगाकर बलात्कार करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर।** जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र. 936/2023 धारा 363, 366 क, 366, 376 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 नवम्बर को काम पर गया था, करीब 04.00 बजे घर वापस आया तब मुझे पता चला कि मेरी बडी बेटी को दोपहर लगभग 01.00 बजे घर से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा नबालिक होना जानते हुए भगाकर ले गया है, कि जानकारी मिलने पर आस पास पता तलाश किया पता नहीं चला। कि तब 20 नवम्बर को शाम 07.00 बजे

मेरे साढु जो रायपुर भनपुरी में रहता है, ने बताया कि मेरी बेटी को एक लडका भवानी निषाद भगाकर लाया है, जिसे एक किराये के घर में रखा है। कि सूचना मिलने पर रायपुर जाकर लडकी को साथ लेकर आये। आरोपी भवानी निषाद हम लोगों को देखकर भाग गया और 21 नवम्बर को थाना आकर कार्यवाही हेतु एक लिखित शिकायत पेश किया। शिकायत पर अपराध धारा 363, 366 (क) भादवि का घटित होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पीडिता के पिता द्वारा थाना लाकर पेश करने पर अपहृता का बरामदगी पंचनामा समक्ष गवाहों के तैयार किया गया। बाद दौरान विवेचना पीडिता से पुछताछ करने पर संदेही के द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर भगाकर अपने साथ ले जाकर शारीरिक संबंध स्थापित करना अपने कथन मे बताई है तथा आरोपी भवानी निषाद पिता दुखहरण निषाद से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया है। प्रकरण में पीडित नाबालिग होने से धारा 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट जोडी गई है तथा आरोपी का कृत्य अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को 30 नवम्बर को 14/30 बजे गिर0 कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

# जिला नाजिर अजय त्रिवेदी को दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर।** संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ जिला नाजिर अजय त्रिवेदी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद आज शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। सँयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से त्रिवेदी को भावभीनी बिदाई दी गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उनके विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति पत्र की प्रति भी सौंपी गई। जिला प्रशासन परिवार की ओर से अपर कलेक्टर बी सी एक्का ने उनका शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। अपर कलेक्टर बीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी ने बताया कि तिवारी ने उनके योगदान एवं उत्कृष्ट कार्यो के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त त्रिवेदी ने विदाई सम्बोधन में अपनी सेवा काल के महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाये और शासकीय सेवाकाल के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर सभी सहयोगी अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिवारी मूलत राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारी रहे है। राज्य गठन सविलयन के बाद उनकी प्रतिनियुक्ति सन 2008 में राजस्व विभाग में हुई। इस दौरान उन्हें तहसील कार्यालय भाटापारा में सहायक ग्रेड 3 के रूप में हुई। इसके बाद 2016 से जिला कार्यालय में जिला नाजिर के रुप में अपनी सेवाएं देते हुए अधिवार्षिकी आयु आज पूर्ण की। इस तरह उन्होने लगभग राजस्व विभाग में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण की हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर,जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे,जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, त्रिवेदी परिवार के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण राजस्व विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# घर घुसकर छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 1 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा महिला एवं बच्चो संबंधी अपराध मे सलिप्त लोगो पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा भाटापारा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना सिमगा निरीक्षक मंजूलता राठौर के कुशल नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 372/2023 धारा 354क,ख, 454, 294 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया का थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 नवम्बर को यह अपने घर पर अकेली थी तभी शाम करीबन 05.30 बजे मोहल्ले का योगेश उर्फ गोलू तिवारी पूर्व में बुरी नियत से रखता था जो इसके घर अंदर प्रवेश कर छेड़छाड़ करते हुये बेईज्जती करने की नियत से हाथ बांह को पकड़कर खिंचते हुये बेडरूम में ले जाकर गलत काम करने की नियत से साड़ी खिंचने लगा तब प्रार्थीया ने आवाज लगाई तो इनका लड़का आया तो योगेश उर्फ गोलू तिवारी को पकड़ने की कोशिश किया तो मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गालिया देते हुये गली तरफ भाग गया कि रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी योगेश उर्फ गोलू तिवारी पिता रोहित तिवारी उम्र 33 साल साकिन टिहूपारा सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा को 30 नवम्बर को गिरफ्तार का कारण बताकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में सउनि विष्णु टंडन, आरक्षक राजेन्द्र ठाकुर, किशोर मरकाम, अरविंद कौशिक एवं समस्त थाना स्टाफका विशेष योगदान है।

### लड़की को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला पकड़ाया

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले में, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध दर्ज अपराधिक मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा आशीष अरोड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी, मंजू लता राठौर थाना सिमगा के नेतृत्व में लिमतरा सहायता केंद्र प्रभारी नीरज दुबे द्वारा आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरीत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि, सूचक हरिप्रसाद गहिरवार पिता पुनीत राम, उम्र 48 वर्ष, साकिन घुटीया थाना सरगांव जिला मुंगेली, ने रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी लड़की घटना 23 सितम्बर को लिमतरा पुल से शिवनाथ नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली है की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 70/2023 धारा 174 जा पै, कायम कर जांच पंचनामा कारवाही में लिया गया, संपूर्ण मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतिका व आरोपी दुर्गेश यादव साथ, मे आईटीआई कर रहे थे, इसी बीच दोनों के मध्य प्रेम प्रसंग हो गया आरोपी दुर्गेश यादव प्रार्थी की लड़की को लगातार शादी का प्रलोभन दे रहा था किंतु शादी नहीं कर रहा था मृतिका द्वारा शादी करने के लिए कहने पर आरोपी द्वारा मारपीट कर तुम सतनामी समाज की हो कहकर शादी से इनकार कर दिया जिससे मृतिका आत्मग्लानि वश, विवश होकर, नदी में कूद कर आत्महत्या करना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 306 भादवी एवं 3-2-ङ्क- क, एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया! प्रकरण की अग्रिम विवेचना अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा द्वारा किया जाकर आरोपी दुर्गेश यादव को आज दिनांक 30.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय विशेष न्यायालय बलौदा बाजार के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### मतगणना के लिए बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा में 14-14 टेबल और कसडोल के लिए 21 टेबल लगाया जाएगा

# मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

- डाक मतपत्र के लिए बलौदाबाजार एवं भाटापारा विस में 3-3, कसडोल के लिए 4 टेबल लगाया जाएगा
- मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए गणना अभिकर्ताओं को जारी पास के साथ परिचय पत्र लाना होगा अनिवार्य
- जिले के विस क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कलेक्टर कुमार की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर कुमार ने कहा कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना नवीन मंडी परिसर बलौदाबाजार में की जाएगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ताओं को स्ट्रांग रूम के गेट नंबर 1 से आने-जाने की अनुमति

होगी।उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा में 14-14 टेबल और कसडोल के लिए 21 टेबल लगाया जाएगा। इसी तरह डाक मतपत्र के लिए बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा में 3-3,कसडोल के लिए 4 टेबल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर कुमार ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर कुमार ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से हाल,स्ट्रांग रूम, परिसर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को गणना स्थल पर मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना सुबह 7 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ प्रेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी। इससे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ की जाएगी।

कलेक्टर कुमार ने अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रियाओं एवं उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतगणना प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने एवं ईव्हीएम तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए गये उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए गणना अभिकर्ताओं को जारी पास के साथ परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किए जाने हेतु स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है।प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए 16 गणना अभिकर्ता की नियुक्ति की जा सकती है।


### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती तुमेश्वरी निषाद उम्र 32 वर्ष, पति स्व. मिथलेश निषाद, जाति केंवट, ग्राम-सिंधौरी, पो.-बरोण्डा, थाना+तहसील-राजिम, वि.खं.-फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की निवासी हूं।

मेरा आधार नं. 4795 2834 1093 है। आधार कार्ड में मेरा नाम गोमती बाई निषाद Gomati Bai Nishad पताः अर्धांगिनी मिथलेश निषाद, 71, सिंधौरी, सिंधौरी, बरोण्डा, गरियाबंद, राजिम, छत्तीसगढ़, 493885 लिखा हुआ है।

मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र अंकसूची में मेरा नाम तुमेश्वरी निषाद TUMESHWARI NISHAD लिखा हुआ है।

मेरा वास्तविक नाम शैक्षणिक प्रमाण-पत्र अंकसूची के अनुसार तुमेश्वरी निषाद TUMESHWARI NISHAD सत्य व सही है। अधार कार्ड में मेरा नाम गोमती बाई निषाद Gomati Bai Nishad लिखा हुआ है उसे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र अंकसूची के अनुसार तुमेश्वरी निषाद Tumeshwari Nishad कराकर आधार कार्ड में नाम सुधार कराने यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

**श्रीमती तुमेश्वरी निषाद**
**ग्राम-सिंधौरी, पो. बरोण्डा,**
**थाना+तहसील-राजिम**
**वि.खं.-फिंगेश्वर**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202311092200010**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
रीवागहन प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-तातुराम,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तातुराम आ. लखन उम्र 68 वर्ष जाति लोधी निवासी रीवागहन तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा ग्राम रीवागहन प.ह.न. 18 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 58 में ख.न. क्रमशः 15, 64/1, 213/1, 276/2, 306/1, रकबा क्रमशः 0.105, 0.064, 0.081, 0.150, 0.118हे. कुल ख.न. 05 कुल रकबा 0.518 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में तातुराम आ. लखन जाति लोधी सा. रीवागहन के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, आदेय प्रमाण पत्र, चालान आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

## एक नजर

### कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक आज रात

**रायपुर 1 दिसंबर।** मतगणना पूर्व आज रात साढ़े आठ बजे प्रदेश कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक राजीव भवन में होगी। बैठक में मतगणना के अलावा नतीजों के बाद की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। एग्जिट पोल के नतीजों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तथा मंत्री ताम्रध्वज साहू मौजूद रहेंगे।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 1 दिसम्बर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पार्थ टंडन 22 वर्ष आनंदम वर्ड सिटी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी महाकाल पान दुकान के पास खम्हारडीह में खड़ा था, तभी आरोपी एफ्राज अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी को पीटा

**रायपुर, 1 दिसम्बर ।** अवनी विहार दलदल सिवनी में घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिप्ति पिल्ले 41 वर्ष अवनी विहार दलदल सिवनी का रहने वाली है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया के पति आरोपी मितेश कुमार स्वामी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफधारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सेल्समैन ने की ग्राहक से मारपीट

**रायपुर, 1 दिसम्बर ।** छोटे उरला के शराब दुकान में सेल्समेन ने ग्राहक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश सिन्हा 36 वर्ष सरस्वती नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी छोटे उरला के शराब दुकान में शराब खरीदने गया था। जहां ओवररेट लगाने पर प्रार्थी ने आपत्ति जताई तो शराब दुकान के सेल्समेन आरोपी आदित्य बघेल व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर, 1 दिसम्बर ।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास सरेआम शराब पीते आरोपी देव निषाद 28 वर्ष, योगेश यादव 31 वर्ष, रवि यादव 35 वर्ष व दौलत निषाद 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र नागपुरे 33 वर्ष, पवन देवांगन 30 वर्ष व राजा भारद्वाज 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी निकलेश साहू 20 वर्ष व अर्जुन देवांगन 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी श्रवण निर्मलकर 33 वर्ष व भवनीक सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी दक्ष वर्मा 19 वर्ष, रंधीर कुमार शर्मा 30 वर्ष, भुवनेश्वर सिंह 29 वर्ष व बृजनंदन बंजारे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी राजकुमार शर्मा 35 वर्ष व लोकेश कुंभकार 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 1 दिसम्बर ।** टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास भाठागांव में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भाठागांव बस स्टेण्ड के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रोशन सिंह 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अफसर की संदिग्ध हालात में मौत

**रायपुर, 1 दिसम्बर ।** जल संसाधन विभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मृतक के शरीर में चोटों के निशान मिलने से मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है। मानिकपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत घंटाघर के समीप पावर हाइट्स के मून ब्लॉक के आवास क्रमांक 304 में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश धवनकर निवास करते थे।

# कोई कांग्रेस को जिता रहा तो कोई भाजपा को

## चौक-चौराहों, पान ठेलों, टी-स्टालों में रोचक तर्क के साथ दावे

तरुण छत्तीसगढ

**रायपुर 1 दिसंबर।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद चुनाव परिणाम के आंकलन का बाजार गर्म है। राजनीति से जुड़े लोग तो अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा करते हुए मिलने वाली सीट का गुणाभाग लगा ही रहे हैं वहीं आम जनता भी अनुमान के घोड़े दौड़ा रही है। चुनाव नतीजों को लेकर टी-स्टालों में सुबह चाय की पहली चुस्की के साथ चर्चा शुरू हो जाती है। कई बार यह चर्चा गरमागरम बहस तक पहुंच जाती है। सरकारी दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारी अटकलें लगा रहे हैं। चौक-चौराहों व पान ठेलों में सभी चुनाव परिणाम का अनुमान सबसे दिलचस्प विषय बना हुआ है। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिनके पास एक-एक सीट का पूर्वानुमान है। ऐसे लोग अपने दावे पर अटल हैं। कांग्रेस के लोगों को उम्मीद है कि पचपन से साठ सीटें आ सकती है। वहीं भाजपा के राजनीतिज्ञ पंडितों का दावा है कि 45 से 50 सीट भाजपा को मिल सकती है। ऐन केन प्रकारेण बीजेपी की ही सरकार बनेगी। सोशल मीडिया पर अभी से ही वोटों की गिनती कर चुनाव परिणाम घोषित किए जा रहे हैं और तो और कौन प्रत्याशी जीत रहा है और किसकी हार हो रही है इसकी भी सूची जारी की जा रही है। सोशल मीडिया के हिसाब से सात मंत्री हार रहे हैं। बस्तर में भाजपा के खाते में छः सीट आएगी तथा सरगुजा में भी कमाल करेगी। दुर्ग संभाग में भी इस बार भी भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। सोशल मीडिया का दूसरा पक्ष कांग्रेस की सरकार बना रहा है। सोशल मीडिया ने भूपेश बघेल, डॉ. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, प्रेम प्रकाश पांडेय, रिकेश सेन, पंकज शर्मा, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, टीएस सिंहदेव, लता उसेंडी, केदार कश्यप, उमेश पटेल, किरण सिंहदेव, भावना बोहरा, आशीष छाबड़ा, ओपी चौधरी, अनुज शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी को चुनाव जीता दिया है। बिलासपुर के कांग्रेस नेता ने 57 सीट मिलने का दावा किया है वहीं सरगुजा के एक प्रभावशाली कांग्रेस नेता ने कहा है कि 60 सीट से ऊपर जीत रहे हैं। दुर्ग संभाग के पार्टी नेता ने 62 सीट प्राप्त कर सरकार बनाने की उम्मीद जताई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यकर्ता का मानना है कि भाजपा जादुई आंकड़ा 46 सीट हासिल करेगी। एक अन्य भाजपा नेता ने 48 से 52 सीट प्राप्त करने का अनुमान लगाया है। आम जनता का मानना है कि मतदान के पहले तीन-चार दिनों में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने अच्छी मेहनत की है लिहाजा भाजपा मुकाबले में आ गई है। लोगों का कहना है कि कांग्रेस मजबूत नजर आ रही है लेकिन अंडर करंट के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। कई बार एग्जिट पोल 'ढोल में पोल' साबित हुआ है। देखना यह होगा कि कांग्रेस व भाजपा के कौन-कौन से नेता हार रहे हैं।

### जीत के लिए यज्ञ

खबर है कि सरगुजा संभाग के एक नेता विजयश्री के लिए बनारस में पंडितों से यज्ञ करवा रहे हैं। कांग्रेस के ये नेता अपनी जीत के अलावा पार्टी की सरकार बनाने की कामना से हवन करवा रहे हैं। उनको भरोसा है कि बाबा काशी विश्वनाथ का आशीर्वाद जरूर मिलेगा।

### कुर्ता-पाजमा की सिलाई

भाजपा व कांग्रेस के कुछ प्रत्याशी अपनी जीत की संभावना को देखते हुए नया कुर्ता-पाजमा तथा सफारी सिलवा रहे हैं। इनमें से कुछ को उम्मीद है कि वे मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। मंत्री न भी बने तो नया कपड़ा विधानसभा सत्र के पहले दिन विधायक पद का शपथ लेने में काम आएगा।

# रामलला के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ियों को मिला निमंत्रण

**रायपुर 1 दिसंबर।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी, दोपहर 12:30 बजे पूजा-अर्चना की जाएगी। रामलला के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या आने का आमंत्रण दिया गया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्यौता देने के लिए अक्षत कलश रायपुर के राम मंदिर पहुंच गया है। बता दें, लोगों को आमंत्रण देने के लिए विश्व हिंदू परिषद विशेष अभियान चलाएगा। अभियान के तहत घर-घर जाकर न्यौता दिया जएगा। इस वक्त रायपुर के श्री राम मंदिर में अक्षत कलश को रखा गया है। आज विशेष पूजा करके सभी जिलों में कलश भेज दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 3 करोड़ लोगों को न्यौता देने का लक्ष्य बनाया गया है।

# सभी श्रेणियों के कुल 103463 डाक मतपत्र प्राप्त

**रायपुर 1 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 29 नवम्बर 2023 तक राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 1,03,463 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी , निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है। सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 29 नवम्बर 2023 तक कुल 6169 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे । प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है। डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों / कर्मचारियों के कुल 91,086 डाक मतपत्र भी शामिल हैं जो कि मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व तक सभी जिलों में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे । 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 6043 है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 165 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है और जिला स्तर पर भी इसकी जानकारी से सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है।

# निगरानी में रखे जाएंगे विधायक

**दोनों ही दलों को खरीद-फरोख्त की आशंका**

तरुण छत्तीसगढ

**रायपुर 1 दिसंबर।** एग्जिट पोल के अनुमानित नतीजों में कांग्रेस व भाजपा में कांटे की टक्कर की संभावना को देखते हुए दोनों दलों ने अपने-अपने विधायकों की सुरक्षा की रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। अभी से प्रत्याशियों पर नजर रखी जा रही है। खासतौर पर ऐसे प्रत्याशी जिनके विजय होने की पूरी गारंटी है उन पर विशेष निगाह है। कुछ नए चेहरे भी हैं जो प्रलोभन के चलते जीतने के बाद बिदक भी सकते हैं। चूंकि एग्जिट पोल में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीटों का ज्यादा अंतर नहीं बताया गया है लिहाजा कांग्रेस को हार्स ट्रेडिंग की आशंका है। ऐसा बताया जा रहा है कि मतगणना के बाद दोनों ही दल अपने विजयी प्रत्याशियों को एकत्र कर गुप्त स्थान में रख सकते हैं। तमाम नतीजे आने के बाद सीटों में मामूली अंतर हुआ तो जोड़-तोड़ की पूरी आशंका रहेगी। ऐसा भी बताया जा रहा है कि विजयी प्रत्याशी किराए के विमान से बेंगलुरू या अन्य कोई शहर भेजे जा सकते हैं। इससे खरीद-फरोख्त से बचा जा सकता है। विजयी प्रत्याशी किससे क्या बात कर रहे हैं इस पर कान लगा कर रखा जाएगा। बताया यह भी जा रहा है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व नए प्लान पर काम कर रहा है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बसपा तथा जोगी कांग्रेस को जरूरत पड़ने पर साधा जाएगा। इन तीनों दलों को मिलाकर तीन-चार सीटें भी मिल जाती है तो ये सीटें रामबाण दवा के रूप में काम आएगी। भाजपा अपनी सरकार बनाने ऐसे किसी नेता को मुख्यमंत्री पद का ऑफर दे सकती है जिनके पास सरकार बनाने लायक विधायकों का संख्या बल पर्याप्त हो।

### ऑपरेशन लोटस काम नहीं आएगा: विकास

**रायपुर 1 दिसंबर।** ऑपरेशन लोटस पर रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने बयान दिया है कि चाहे कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह काम करने वाला नहीं है. जनता ने जहां मुहर लगा दी है, सरकार उसकी ही बनेगी. कांग्रेस प्रत्याशियों के दिल्ली रवानगी चर्चाओं पर विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इस बात की जानकारी मुझे नहीं है. मगर विपक्षी पार्टी के लोग ऐसी बातें कर सकते है. कांग्रेस पार्टी ने बहुत मेहनत से एक परिवार के रूप में चुनाव लड़ा है. सभी अपने-अपने साथी और कार्यकर्ताओं के साथ है, लगातार सबकी बातचीत हो रही है। बीजेपी के ऑपरेशन लोटस पर विकास उपाध्याय ने कहा कांग्रेस ने 15 साल तक सड़क और सदन की लड़ाई लड़कर सरकार बनाई है।

### विधानसभा में नए विधायकों के स्वागत की तैयारी

**रायपुर 1 दिसंबर।** प्रदेश में चुनाव आयोग और प्रशासनिक अमला इस वक्त मतगणना की तैयारी में व्यस्त है तो दूसरी तरफ विधानसभा सचिवालय ने नए सदस्यों के स्वागत की तैयारी पूरी कर ली है। विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को आ जाएगा। इसी दिन देर शाम तक सभी नवनिर्वाचित विधायकों को संबंधित जिला से निर्वाचन प्रमाण पत्र भी मिल जाएगा। इसके साथ ही 4 दिसंबर से विधानसभा में नए सदस्यों का स्वागत भी शुरू हो जाएगा। विधानसभा सचिवालय के अनुसार नए विधायकों के स्वागत के लिए विशेष स्वागत कक्ष बनाया गया है, जो 4 दिसंबर को शुरु होगा और 8 दिसंबर तक चलेगा। इस स्वागत कक्ष में षष्ठम विधान सभा के लिए नव-निर्वाचित सदस्यों के औपचारिक स्वागत के साथ ही उन्हें विधान सभा संबंधी कार्यों के लिए आवश्यक समस्त प्रपत्रों की पूर्ति व विधान सभा भवन स्थित समस्त शाखाओं द्वारा सम्पादित कार्यों तथा सदस्यों को दी जाने वाली सुविधाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जाऐगी। नव-निर्वाचित सदस्यों से अपेक्षा रहेगी कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्वाचन प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साथ लावें ।

# मतगणना तीन को, परिणाम आएंगे चौंकाने वाले

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के मतों की गणना का काम 3 दिसम्बर को 33 जिलों में होगा। 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है। 6 विस क्षेत्रों में टेबल बढ़ा दिए गए हैं। मीडिया संस्थानों द्वारा किए गए एग्जिट पोल के बाद परिणामों को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। तीन दिसम्बर को परिणाम आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा क्षेत्रों में मतों की गणना का काम 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से शुरू हो जाएगा। पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। प्रदेश में मतगणना स्थल पर चुनाव आयोग ने भारी सुरक्षा व्यवस्था करने तथा पर्यवेक्षक के सुपरविजन में ही गणना कराने के निर्देश दिए है।

**आयोग की रहेगी पैनी नजर :** निर्वाचन आयोग के अनुसार मतगणना के लिए सेक्टर ऑफिसर, माइक्रोआब्जर्वर तथा आब्जर्वरों को ड्यूटी में लगाया गया है। वे सीधे आयोग को प्रत्येक चक्र की जानकारी देंगे। कई जिलों में प्रत्याशियों की मांग पर टेबल बढ़ा दिए गए हैं। पहले 14 टेबल लगाए गए थे। अब कसडोल, कवर्धा, सारंगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा बिलाईगढ़ में सात-सात टेबल बढ़ा दिए गए हैं जिससे मतों की गणना का कार्य 20 चक्र में ही हो जाएगा। जिन स्थानों पर मतदान केंद्रों की संख्या ज्यादा है वहां यह व्यवस्था की गई है। इन सभी सातों जिलों में अलग-अलग चक्र में गणना सम्पन्न होगी।

**कालेज तथा मंडी प्रांगण में होगी गणना:** रायपुर में सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में मतों की गणना का काम होगा। वहीं कोण्डागांव तथा केशकाल में कालेज, कवर्धा में कृषि उपज मंडी, बिलासपुर में आईटीआई, अंबिकापुर में कालेज में मतगणना होगी।

**राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सक्रिय :** भाजपा, कांग्रेस, बसपा और आप व हमर राज पार्टी चुनाव मैदान में हैं। इनके कार्यकर्ता भी अपना पास बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। आज सभी अभ्यर्थियों के पास बना दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विभिन्न मतगणना केंद्रों का मुआयना कर चुके हैं।

### चुनाव परिणाम के पहले नेताओं का दिल्ली दौरा

**रायपुर, 1 दिसम्बर(मुख्य नगर संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव के परिणाम अभी नहीं आए हैं लेकिन बड़ी पार्टियों के नेता दिल्ली का दौरा कर लौट आए हैं। ऑपरेशन लोटस की भी काफी चर्चा है। कांग्रेस के भी कई वरिष्ठ नेता हाईकमान के संपर्क में हैं। मतों की गणना के बाद ही राजनीतिक दलों की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। लेकिन कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली से लौटकर आ गए हैं। वे राष्ट्रीय महामंत्री वेणुगोपाल एवं प्रियंका गांधी से मुलाकात कर लौटे हैं। रायपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक पद के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी आज दिल्ली से लौट आए हैं। वहीं अंबिकापुर के रॉयल फैमिली से संबद्ध कांग्रेस प्रत्याशी भी हाईकमान के संपर्क में हैं।

# 81 वर्षीय रामपुकार के सामने चौथी बार सांसद

**निरंतर चुनाव जीतने वाले सिंह का दावा- इस बार भी जीतेंगे**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 दिसम्बर।** विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह का चौथी बार सांसद से मुकाबला हो रहा है। आठ बार चुनाव जीत चुके रामपुकार पत्थलगांव से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने रायगढ़ की सांसद गोमती साय चुनाव मैदान में उतरीं हैं।

जशपुर जिले के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां से लगातार वरिष्ठ नेता सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व के चुनाव में वे भाजपा के सांसद विष्णुदेव साय को पराजित कर चुके हैं। यह चौथी बार है कि सांसद गोमती साय से उनका सीधा मुकाबला है। पत्थलगांव अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र है। यहां पर आदिवासियों के बीच रामपुकार की छवि बहुत अच्छी है। बघेल सरकार में उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया था लेकिन वे मौन साधे रहे इसलिए उन्हें इस बार टिकिट दे दी गई है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव मैदान में हैं। यहां से जोगी कांग्रेस की रेणु जोगी एवं भाजपा के प्रबल प्रताप चुनाव मैदान में हैं। अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव चुनाव लड़ रहे हैं।

### कौन बनेगा मंत्री

छत्तीसगढ़ में जीत किसी भी दल की हो लेकिन मंत्री बनाए जाने को लेकर लोगों ने अपना-अपना अनुमान जाहिर करना शुरू कर दिया है। नए नियम के अनुसार अब सिर्फ 12 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं। इसलिए किसी भी दल में मंत्री बनने को लेकर मारामारी मची रहती है। यह नियम 2003 में बना है। स्वर्गीय अजीत जोगी ने अपने मंत्रिमण्डल में हर तीसरे विधायक को मंत्री बना दिया गया था।

# 3 दिसंबर को महाराष्ट्र मण्डल में व्याख्यान

**रायपुर 1 दिसंबर।** क्रिया योग - संतुलित जीवन की कुंजी÷ विषय पर 3 दिसंबर रविवार को चौबे कॉलोनी रायपुर स्थित महाराष्ट्र मण्डल में संध्या 5 से 7 बजे तक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन होने जा रहा है। जिसके वक्ता स्वामी अच्युतानंद गिरि वायएसएस सन्यासी होगें। इसी किताब ने मशहूर क्रिकेटर विराट कोहली की जिंदगी बदल दी । इसके प्रशंसक न सिर्फ सिने अभिनेता रजनीकांत और स्व स्टीव जॉब्स रहे हैं बल्कि देश विदेश में इस बुक के हजारों प्रशंसक एवं अनुकरण करने वाले हैं । विदित हो कि योगी कथामृत के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद हैं जिन्होंने ध्यान और योग विषय पर अपने विचारों एवं अनुभवों को समेटा है। स्वामी परमहंस योगानंद बीसवीं सदी के एक आध्यात्मिक गुरू, योगी और संत थे। उन्होंने अपने अनुयायियों को क्रिया योग उपदेश दिया तथा पूरे विश्व में उसका प्रचार-प्रसार किया । योगानंद के अनुसार क्रिया योग ईश्वर से साक्षात्कार की एक प्रभावी विधि है, जिसके पालन से अपने जीवन को संवारा और ईश्वर की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। योगानंद प्रथम भारतीय गुरू थे जिन्होंने अपने जीवन के कार्य को पश्चिम में किया । योगानंद ने 1920 में अमेरिका के लिए प्रस्थान किया। इसके लिए अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अपना मुख्यालय खोला एवं संपूर्ण अमेरिका में अनेक यात्राएं की । उन्होंने अपना जीवन व्याख्यान देने, लेखन तथा निरंतर विश्वव्यापी कार्य को सार्थक दिशा देने में लगाया। उनकी उत्कृष्ट आध्यात्मिक कृति योगी कथामृत की लाखों प्रतियां बिकी और वह सर्वाधिक बिकने वाली आध्यात्मिक आत्मकथा रही । विश्व के कई भाषाओं में इसका अनुवाद हुआ है, अपने श्रेणी में विश्व की सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब है। इसे एप्पल के संस्थापक स्व स्टीव जॉब्स कई बार पढ़ चुके हैं।

# बदला लेने कारोबारी की दुकान में लगाई थी आग

**रायपुर 1 दिसंबर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र स्थित नवापारा में दिवाली की रात गिफ्ट कार्नर में आग लगने की घटना अकास्मिक नहीं थी। दुकान में दो लड़कों ने जानबूझकर आतिशबाजी कर आगलगाई थी। इसकी पुष्टि दुकान के पास लगे सीसीटीवी फूटेज से हुई है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस दुकान में 3 आग लगाने के आरोप में उन दोनों लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, संजय दिवानी की शिकायत पर पुलिस ने नयापारा में ही रहने वाले शोभित उर्फ जानू तथा शैलजा उर्फ शैलू के खिलाफ दुकान में पुलिस के मुताबिक संजय दिवानी की शिकायत पर पुलिस ने नयापारा में

ही रहने वाले शोभित उर्फ जानू तथा शैलजा आग लगाने के आरोप में आईपीसी की धारा 436 तथा 511 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों लड़कों ने कारोबारी से बदला लेने की नीयत से दिवाली के दिन उसकी दुकान में जलते हुए पटाखे छोड़े थे। प्रारंभिक पूछताछ में लड़कों ने पुलिस को बताया है कि कारोबारी उन्हें हर समय टोकते थे। इसके अलावा उनके हर काम में टोका-टाकी करते थे। इस बात से वे कारोबारी से नाराज थे। इसका बदला लेने के लिए वे कारोबारी को सबक सिखाना चाहते थे। कारोबारी को सबक सिखाने के लिए लड़कों ने दिवाली के दिन देर रात 12 बजे के करीब कारोबारी की दुकान के प्रथम तल में तीन से चार जलते हुए पटाखे फेंक कर आग के हवाले किया।

कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि उसके गिफ्ट कार्नर में ज्यादातर प्लास्टिक के सामान रखे थे। इस वजह से दुकान में आग देखते ही देखते फैल गई और दुकान में रखे करीब 15 से 20 लाख रुपए के सामान जलकर खाक हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग काबू में करने पांच से छह घंटे का समय लग गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23